

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 11 अप्रैल 2023 ■ वैशाख कृष्ण पक्ष -5 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-013 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 अप्रैल 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### फिल्मी स्टाइल में विदा होने वाला टीआई निलंबित

**बिलासपुर,11 अप्रैल।** वर्दी पहनकर फिल्मी स्टाइल में विदाई समारोह में रोड-शो कराने वाले टीआई सुरेन्द्र स्वर्णकार को आखिरकार सस्पेंड कर दिया गया है. डोंगरगढ़ से जैसे वे बिलासपुर पहुंचे, आईजी बद्रीनारायण मीणा ने उन्हें सस्पेंड करते हुए लाइन अटैच कर दिया है. दरअसल, राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ से बिलासपुर ट्रांसफर होने पर थानेदार सुरेंद्र स्वर्णकार को ढोल-ताशों के साथ बारातियों की तरह विदाई दी गई थी, जिसमें वे फूलों से सजी अपनी लग्जरी कार का सनरूफ खोलकर हाथ जोड़ते नजर आए रहे थे. विदाई समारोह का यह वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ. इसके बाद निरीक्षक सुरेंद्र स्वर्णकार पूरे प्रदेश में चर्चा में आ गए हैं. उनके इस कार्यप्रणाली को पुलिस अफसरों ने अनुशासनहीनता माना है.

यही वजह है कि, बिलासपुर में जॉइन करते ही उन्हें निलंबित कर दिया गया है. इस कार्रवाई से विभाग में भी खलबली मच गई है.

### सचिन पायलट बैठे अनशन पर

**जयपुर,11 अप्रैल।** राजस्थान में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के अनशन का आगाज हो चुका है। राज्य की सियासत में हुए इस घटनाक्रम ने पंजाब में हुए फेरबदल की यादें ताजा कर दी हैं। तब पंजाब में नवजोत सिंह सिद्धू की सक्रियता के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को गद्दी छोड़नी पड़ी थी।




## बिरनपुर गांव के पास पिता-पुत्र की मिली लाश , सनसनी

**बेमेतरा,11 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बिरनपुर के पास कोरवाय गांव में पिता-पुत्र की लाश मिलने से सनसनी फैल गयी है। लाश मिलने से गांव में दहशत का माहौल है. मिली जानकारी के मुताबिक दोनों शवों की पहचान रहीम व हदुल मोहम्मद के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि दोनों लाशों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है. शवों को बेमेतरा जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. वहीं गांव में वारदात के बाद पुलिस फोर्स अलर्ट मोड में है. पुलिस लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर रही है. बेमेतरा के बिरनपुर में बच्चों की लड़ाई मामले ने माहौल को गरमा दिया है। दो पक्षों के विवाद में एक युवक की पहले ही हत्या हो चुकी है। आज 2 लोगों की और लाश मिलने के बाद गांव में खौफ का माहौल है. सांप्रदायिक हिंसा में भुनेश्वर साहू नाम की मौत हो गई थी, जिसके बाद विश्व हिंदू परिषद ने छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया. इस दौरान बेमेतरा के बिरनपुर में उपद्रवियों ने एक मकान को आग के हवाले कर दिया. बताया जाता है कि दोनों लाशों की शिनाख्त नहीं हुई है लेकिन ये दोनों बकरी चराने वाले बताये जाते हैं इनके सिर पर चोट के निशान है। आज दो और लाशें मिलने के बाद पुलिस ने अपनी पेट्रोलिंग बढ़ा दी है। बिरनपुर गांव के आस-पास पुलिस जवान तैनात कर लिये गये हैं।

## बिरनपुर में मारे गये युवक के परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी

**10 लाख की आर्थिक सहायता,कमिश्नर करेंगे घटना की जांच**

**रायपुर 11 अप्रैल ।** बिरनपुर में दो समुदायों में हुई झड़प में मारे गये युवक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी राज्य सरकार देगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस बात की घोषणा की है। शनिवार को भड़की हिंसा में बेमेतरा के बिरनपुर में 22 वर्षीय युवक की हत्या हो गयी थी। हत्या के बाद बेमेतरा के बिरनपुर में विवाद बढ़ गया था। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। वहीं राज्य सरकार 10 लाख रू सहायता राशि भी देगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारियों की मुख्यमंत्री से मुलाक़ात के बाद मुख्यमंत्री ने यह निर्णय लिया है। इससे पहले आज समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू एवं अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से मुलाक़ात की थी। वहीं घटना को लेकर मुख्यमंत्री ने दुर्ग कमिश्नर के नेतृत्व में की उच्च स्तरीय प्रशासकीय जाँच के निर्देश भी दिये हैं। मुख्यमंत्री ने एक सप्ताह में जाँच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों से की शांति और सद्भावना बनाए रखने की अपील की है।

## मेरे अधिकार के साथ खिलवाड़ न करें: चंद्रचूड़

**नई दिल्ली,11 अप्रैल।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार की सुबह मामलों की सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सिस्टम को दरकिनार करने की कोशिश करने वाले एक वकील पर तंज कसा। सीजेआई ने वकील से कहा कि मेरे अधिकार के साथ खिलवाड़ मत करो। जल्द से जल्द तारीख पाने के लिए, वकील ने मामले को एक अन्य पीठ के समक्ष उल्लेख करने की मांग की, जबकि मामला पहले ही सीजेआई द्वारा 17 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध किया गया था।



सीजेआई ने पूछा कि आपकी तारीख 17 तारीख है, आप 14 तारीख की तारीख पाने के लिए किसी अन्य पीठ के समक्ष इसका उल्लेख करना चाहते हैं? इसके बाद वकील ने कहा कि इसी तरह का मामला कल अदालत ने उठाया था और कुछ नए मामलों का भी उल्लेख किया गया था। सीजेआई ने कहा कि हम आपको 17 तारीख दे रहे हैं। यह 17 तारीख को आएगी। इसका कहीं और उल्लेख न करें और एक प्रारंभिक तिथि प्राप्त करें। वकील ने कहा कि कृपया मुझे क्षमा करें। सीजेआई ने कहा कि आप बिल्कुल क्षमा कर रहे हैं। लेकिन मुझे भी क्षमा करें। 17वां मतलब 17वां। मेरे अधिकार के साथ खिलवाड़ न करें। मुख्य न्यायाधीश की अदालत ने मार्च में भी उस समय गरमागरम बहस देखी थी जब एक वरिष्ठ वकील ने एक निश्चित तिथि पर मामले को पहले आइटम के रूप में सूचीबद्ध करने की मांग की थी।

## लिव-इन में रह रही युवती की मिली लाश

**युवक शव के साथ दो दिनों तक सोता रहा**



**रायपुर,11 अप्रैल।** राजधानी रायपुर से सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां लालपुर काली नगर में लिव-इन रिलेशनशिप में किराए के मकान में रहने वाली युवती का क्षत विक्षप्त शव बरामद हुआ है. इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. पुलिस ने मौके से एक युवक को भी हिरासत में लिया है. बताया जा रहा है कि युवती की मौत लगभग दो-तीन दिन पहले हो चुकी है. युवती के सिर और हाथ में चोट के निशान भी मिले हैं. यह मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है. किराए के मकान में लिव-इन में रहती थी मृतका मिली जानकारी के अनुसार, लालपुर इलाके के एक मकान में युवती की लाश मिली. मृतका की महासमुंद निवासी नर्स बसंती यादव (उम्र 30) के रूप में हुई है. युवती के सिर और हाथ पर गहरे चोट के निशान हैं. पुलिस ने मौके से वार्ड ब्वाय गोपी निषाद नाम के युवक को हिरासत में लिया है. मामले में संदिग्ध युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है. पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया दिया है. बताया जा रहा है कि युवती की युवती और युवक लिव-इन रिलेशनशिप में किराए के मकान में रहते थे. बताया जाता है कि युवक उसकी कमरे में लाश के साथ सोता रहा। आज सुबह कमरे से बदबू आने पर मकान मालिक ने इसकी जानकारी टिकरापारा थाना को दी थी।

### मदरसों को लेकर नितिन नबीन के बयान पर थाने में शिकायत

**रायपुर,11 अप्रैल।** भाजपा के सह प्रभारी नितिन नबीन ने मदरसों की शिक्षा पर बयान दिया था. उसी बयान को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों ने राजधानी के मौहदापारा थाने में शिकायत दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है. पुलिस ने आवेदन पर जांच शुरू कर दी है. वहीं उनके बयान को लेकर विधायक सौरभ सिंह ने सरकार पर निशाना साधा है. नितिन नबीन ने कहा था कि, मदरसों में आतंक की शिक्षा दी जाती है. जिसको लेकर शिकायत के लिए आवेदन सौंपा गया है.

## रसोइया संघ की अध्यक्ष को बाल पकड़कर थाने ले गई पुलिस

**महासमुन्द,11 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**



जिले से सोशल मीडिया में 2 वीडियो तेजी से वायरल हुआ है. जिसमें मध्याह्न भोजन रसोइयां संघ की प्रदेश अध्यक्ष नजर आ रही हैं. उन्होंने वीडियो के जरिए पुलिस पर आरोप लगाया है कि, बिना कारण बताए पुलिस थाने लेकर आई है. जहां उनके साथ जमकर मारपीट की है. महिला के साथ पुलिस की बर्बरता पुलिसिया सिस्टम पर सवाल खड़ा कर रही है. बताया जाता है कि प्रदेश अध्यक्ष को पुलिस ने रिहा कर दिया गया लेकिन बाद में फिर से हिरासत में ले लिया गया है।मध्याह्न भोजन रसोइयां संघ की प्रदेश अध्यक्ष नीलू ओगरे मानदेय वृद्धि मांग को लेकर 10 और 11 अप्रैल को रायपुर मे प्रदर्शन करने वाली थीं. इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस ने बिना कारण बताए नीलू ओगरे को 10 अप्रैल की सुबह 9.30 बजे अपने साथ उठाकर ले गई और दिन भर थाने में मुजरिम की तरह जमीन पर बैठा रखा. साथ ही नीलू ओगरे ने वीडियो जारी कर खाकी पर मारपीट का भी आरोप लगाया है. उसके बाद शाम को उन्हें छोड़ दिया गया. वहीं परिजनों ने बताया कि, छोड़ने के कुछ देर बाद पुलिस वाले फिर से घर पहुंचे और नीलू का बाल खींचते हुए दोबारा बिना कारण बताए अपने साथ ले गए. वहीं पुलिस सारे आरोपों को निराधार बता रही है. पुलिस का कहना है कि, इन्हें रायपुर में प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं मिली थी.

## प्रियंका का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम आज होगा जारी

**सभा को सफल बनाने कांग्रेसजनों का उच्चस्तरीय प्रयास**

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 11 अप्रैल।** कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी के 13 अप्रैल को जगदलपुर में आने को लेकर कांग्रेसजनों में भारी उत्साह है। लाल बाग में होने वाली सभा की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

कांग्रेस के महासचिव रवि घोष ने बताया कि कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम आज शाम तक जारी हो जाएगा। इसके पश्चात सुरक्षा के कई कड़े प्रबंध किए जाएंगे। गांधी परिवार को उच्च सुरक्षा प्राप्त है। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से नेहरू परिवार का विशेष लगाव रहा है। जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी एवं संजय गांधी यहां पर आ चुके हैं। महिलाओं के कार्यक्रम में प्रियंका गांधी शिरकत करेंगी। कांग्रेस के द्वारा प्रियंका गांधी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निरंतर बैठकें चल रही है। चूंकि राहुल गांधी की पेशी सूरत में 13 अप्रैल को होगी। इसमें मुख्यमंत्री के भी उपस्थित रहने की भी संभावना है। फिलहाल बेमेतरा के बीरनपुर में हुई एक युवक की हत्या के पश्चात् मुख्यमंत्री के सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री का कोई भी सार्वजनिक दौरा कार्यक्रम जारी नहीं किया जा रहा है।



## गांव चलो घर-घर चलो अभियान की समीक्षा

**रायपुर,11 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बीजेपी की बैठक ली है. बीजेपी अध्यक्ष अरुण साव जिला प्रभारी और सह प्रभारी शामिल रहे. बैठक आगामी चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जा रही है और व गांव चलो घर घर चलो अभियान की समीक्षा की जा रही है. बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल भी मौजूद हैं.

प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने बैठक को लेकर कहा, हमारे पार्टी के कुछ अभियान चल रहे हैं, कुछ कार्यक्रम चल रहे हैं. बूथ सशक्तिकरण अभियान चला रहे हैं. सामाजिक न्याय सप्ताह 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल तक पार्टी के स्थापना दिवस से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती तक हमारा 1 सप्ताह तक सामाजिक न्याय पखवाड़ा रहा है. अभी हमने बूथ सशक्तिकरण अभियान चलाया, ऐसे हमारे अलग-अलग अभियान और कार्यक्रम चल रहे हैं. कार्यक्रमों की उन योजनाओं की समीक्षा करेंगे और किस तरह से काम करना है. इसको लेकर बैठक में कार्य योजना बनाई जाएगी. बिरनपुर घटना की जितनी निंदा की जाए वह कम है. मंत्री अमरजीत भगत के बयान पर अरुण साव ने कहा कि किसी का हत्या हो जाना और प्रदेश का जिम्मेदार मंत्री के द्वारा छोटी घटना बता देना साथ उसके बाद भी बोलते हैं की छोटी घटना है. आपके लिए छोटी घटना हो सकती है. लेकिन जिन मां-बाप ने अपने 22 वर्षीय बच्चे को खोया है अपने हाथ के सामने उनकी मां बिलख रही थी. कांग्रेस के आरोप बीजेपी के पास नहीं है कोई मुद्दा को लेकर साव ने कहा कि यह सरकार हमें रोज मुद्दा दे रही हैं. मुद्दों की कमी नहीं है और जो घटना हुई है मां बाप ने अपने निर्दोष बेटे को खोया है. उनके सामने उसके बेटे की निर्मलता पूर्वक हत्या हुई है ऐसी घटना के खिलाफ हम असंवेदनशील नहीं हो सकते, हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं.यह जो तुष्टिकरण की राजनीति चल रही है इसके खिलाफ पूरी ताकत से लड़ेंगे. इस सरकार के द्वारा विपक्ष की आवाज को दबाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है. हम डरेंगे नहीं भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता डरेगा नहीं, झुकेगा नहीं. छत्तीसगढ़ की बेहतरी और प्रदेश की ढाई करोड़ जनता छत्तीसगढ़ महतारी की बेहतरी के लिए पूरी ताकत से लड़ाई लड़ेंगे.



## जम्मू-कश्मीर में जी-20 बैठक से पाकिस्तान तिलमिलाया

**नई दिल्ली,11 अप्रैल।** मई में जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में जी-20 की बैठक आयोजित करने के भारत के फैसले ने पाकिस्तान को नाराज कर दिया है। भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत जी20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की तीसरी बैठक श्रीनगर में 22 से 24 मई तक होगी। श्रीनगर में हो रही बैठक का विरोध करते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने 11 अप्रैल को एक बयान में इस आयोजन पर अपना ऐतराज जताया है। इसके अलावा, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने लद्दाख के लेह और श्रीनगर में युवा मामलों (वाई-20) पर एक सलाहकार मंच की दो अन्य बैठकों के कार्यक्रम का भी विरोध करते हुए इसे समान रूप से निराशाजनक बताया है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में जी-20 कार्यक्रम आयोजित करने के भारत के कदम को गैरजिम्मेदाराना करार देते हुए पाकिस्तान ने कहा कि भारत अपने स्वार्थी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए फिर से एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय समूह की अपनी सदस्यता का फायदा उठा रहा है। पाकिस्तान एमएफए ने कहा कि ऐसे देश के लिए जिसके पास खुद के बारे में और दुनिया में अपनी जगह के बारे में एक भव्य दृष्टि है, भारत ने एक बार फिर दिखाया है कि वह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के एक जिम्मेदार सदस्य के रूप में कार्य करने में असमर्थ है। पाकिस्तान ने आयोजन स्थल को श्रीनगर में बदलने के लिए सऊदी अरब, तुर्की और चीन जैसे देशों के साथ परामर्श किया लेकिन असफल रहा। इससे पहले चीन ने अरुणाचल प्रदेश में जी 20 आयोजन स्थलों के खिलाफ भी अपना पक्ष रखा था। भारत ने कहा कि जी20 बैठकों के संशोधित कैलेंडर में पर्यटन से संबंधित कार्यसमिति श्रीनगर में आयोजित की जाएगी। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि चीन श्रीनगर में होने वाली बैठक का बहिष्कार कर सकता है।

## कश्मीर से कन्याकुमारी तक सड़क की तैयारी

**नितिन गडकरी बोले- 2024 तक पूरा होगा सपना**

**नई दिल्ली,11 अप्रैल।** भारत का कोना-कोना अब सड़क मार्ग और आसान होने जा रहा है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक राह आसान करने का वादा कर दिया है। उन्होंने संभावनाएं जताई हैं कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक राजमार्ग होने का सपना अगले साल की शुरुआत तक पूरा हो जाएगा। गडकरी ने



यहां संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा, कश्मीर से कन्याकुमारी तक सड़क मार्ग होना एक सपना था। लेकिन रोहतांग से लेकर लद्दाख तक के रास्ते में चार सुरंगें बनाई जाएंगी। लेह से हम करगिल आएंगे और जोजिला एवं जेड मोड़ सुरंगों का हिस्सा बनेंगे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति के साथ जम्मू और कश्मीर के दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा, एक नई सड़क बनने से दिल्ली एवं कन्याकुमारी के बीच की दूरी 1,312 किलोमीटर तक कम हो जाएगी। यह सपना वर्ष 2024 की शुरुआत तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से जम्मू कश्मीर में सड़कों का ढांचा खड़ा करने के लिए एक रूपरेखा बनाया गया और अब तक 1.25 लाख करोड़ रुपये मूल्य की परियोजनाएं लाई जा चुकी हैं। गडकरी ने कहा, इन परियोजनाओं के पूरा होने पर जम्मू कश्मीर में आने वाले पर्यटकों की संख्या चार गुना बढ़ जाएगी। लोग घूमने के लिए स्विट्जरलैंड जाते हैं लेकिन अपना जम्मू कश्मीर कहीं ज्यादा सुंदर है। उन्होंने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अमरनाथ यात्रा मार्ग पर शेषनाग एवं पंजतरनी के बीच एक सुरंग बनाने का भी ऐलान किया। इसके साथ ही उन्होंने 5,300 करोड़ रुपये की लागत से अनंतनाग में खानाबल से पंजतरनी तक 110 किलोमीटर लंबी सड़क बनाने की भी बात कही। इसके अलावा उन्होंने शोपियां से पुंछ को जोड़ने के लिए पीर की गली पर 5,000 करोड़ रुपये की लागत से एक सुरंग बनाने की भी घोषणा की।



**रायपुर 11 अप्रैल। अमलेश्वर में आज एक अनियंत्रित कार दीवार से टकरा कर नाली में फंस गई। दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।**

### कोरोना पर मुख्यमंत्री ने ली समीक्षा बैठक

**रायपुर 11 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में बड़ी तेजी से कोरोना बढ़ रहा है। प्रदेश में कोरोना के एक्टिव केस अब बढ़कर 500 से ज्यादा हो गये हैं। जिस रफ्तार में कोरोना बढ़ रहा है, उसने राज्य सरकार को भी चिंता में डाल दिया है। कोरोना के बढ़ते केस के बीच मुख्यमंत्री ने हाईलेवल मीटिंग की। बैठक में कोरोना के बढ़ते मामलों की समीक्षा की जा रही है। बैठक में चीफ सिकरेट्री, डीजीपी सहित पुलिस और प्रशासन विभाग के उच्च अधिकारी मौजूद हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से प्रदेश में कोरोना के मद्देनजर तैयारियों की जानकारी ली है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के बीच पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिये हैं। वहीं मुख्यमंत्री ने कोरोना मरीजों को लेकर टेस्टिंग बढ़ाए जाने के भी दिए निर्देश दिये हैं। कोरोना के साथ-साथ मुख्यमंत्री ने क़ानून-व्यवस्था की स्थिति की भी समीक्षा की।

## बाराती गाड़ी पलटी, दो की मौत

**सारंगढ़,11 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के तरेकेला में बारात में शामिल एक गाड़ी वापसी के दौरान अनियंत्रित होकर पलट गई। यह मामला डोंगरीपाली थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत तरेकेला में बारात में आई एक गाड़ी वापसी के दौरान ढोसरबाहाल चौक के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। बताया जा रहा है कि, गाड़ी में तकरीबन 20 लोग सवार थे जिनमें से 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। राहगीरों ने घायलों को बरमकेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है।

### कोयला खदान में हादसा, 2 की मौत, 5 घायल

रायगढ़ जिला के ओडिशा सीमा से लगे गोपालपुर के गर्जनबहल माइंस जो महानदी कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) द्वारा संचालित है जहां एक दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है वहीं 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। एमसीएल के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घायलों को जिंदल फोर्टिस अस्पताल लाया गया था दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। 5 घायलों को यहां भर्ती कराया गया है जिसमें से 3 की हालत गंभीर है 3 को एयर लिफ्ट के माध्यम से बेहतर उपचार के लिए बड़ी जगह भेजे जाने की बात कही जा रही है ये हादसा उस समय हुआ जब ओवर बर्डन हटाने वाली (होल पैक मशीन) के निर्धारित रास्ते में अचानक बोलेरो वाहन के आ जाने से ये हादसा हुआ है उक्त बोलेरो में मजदूर बैठे थे।

### वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**रायगढ़।** मंगलवार की सुबह रायगढ़-घरघोड़ा अभिशप्त मार्ग में भारी वाहन की चपेट में आकर बाईक सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह रायगढ़-घरघोड़ा मार्ग में लाखा डायवर्सन मार्ग केलो डेम गेट के पास एक डंपर चालक के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाईक सवार एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया वहीं दूसरे को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। इस घटना के बाद से आरोपी वाहन चालक फरार हो गया है। इस दुर्घटना में मृत और घायल युवक का नाम पता नही चला है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक अग्रोहा फैक्ट्री में काम करते थे और आज सुबह काम में जाने के दौरान यह घटना घटित हो गई। बहरहाल पुलिस आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## एक नजर

### पीएम स्वनिधि योजना के तहत वेंडिंग सर्टीफिकेट पाकर हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिले



**कवर्धा, 11 अप्रैल।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत जो जमीनी स्तर से जुड़े महिलाए , पुरुष और चाय , गुपचुप , चाउमीन , इडली , डोसा समोसा बनाकर बेचने वाले दुकानदारों और पान दुकान चलाने वाले दुकानदारों और सब्जी बेचने वाले के साथ साथ छोटे छोटे व्यवसाय करने वाले व्यापारियों को फर्स्ट लोन दस हजार रुपया और सेकंड में बीस हजार रुपया लोन के रुपया दिया जाता है और थर्ड लोन पचास हजार रुपया देने का अंतिम में प्रवधान है यदि दोनो लोन समय पर वापस किया जाने पर पचास हजार दी जाती है । उक्त जानकारी देते हुए सिटी मिशन प्रबंधक सुश्री सुखबाई टोंडे ने बताया की पचास लोगो को पीएम स्वनिधि योजना के तहत वेडिंग सर्टिफिकेट दिए गए है और 48 लोगो के वेडिंग सर्टिफिकेट दिए जाने की प्रक्रिया प्रगति पथ है । सुश्री सुखबाई ने एक बात जोड़ते हुए कहा की पीएम स्वनिधि योजना ने लोगो को बनाया आत्मनिर्भर भारत का भागीदार , मिला अधिकार , होंगे सपने साकार । इस योजना से लोगो की आर्थिक स्थिति में सुधार आ रही है । कलेक्टर और सीएमओ के मार्गदर्शन में हितग्राहियों को वेडिंग सर्टिफिकेट दिए जा रहे है और वेडिंग सर्टिफिकेट पाकर हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठते है।

### कंपनी कमांडर के घर चोरी

**भिलाई,11 अप्रैल।** भिलाई स्मृति नगर चौकी अंतर्गत बीती रात चोरों ने सीएएफ में कंपनी कमांडर के घर से करीब 40 हजार की नगदी समेत चांदी का सामान चोरी कर ली। शिकायत पर पुलिस ने धारा 380,457 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि प्रथम बटालियन सीएएफ लाइन कातुलोड निवासी उमेश दीक्षित 6 बटालियन सीएएफ में कंपनी कमाण्डर के पद पर पदस्थ है। रविवार शाम 6.30 बजे घर का ताला बंद करके अपने निजी काम से गए थे उनकी पत्नी अनिता पहले से कथा सुनने के लिए गई थी शाम करीब 7.30 बजे पत्नी घर पहुंची देखी घर का पीछे का दरवाजा टूटा हुआ था। घर में सारा सामान बिखरा हुआ था ।

### सट्टा पट्टी लिखते दो पकड़ाए

**भिलाई,11 अप्रैल।** भिलाई अनीश कुमार सिंग उर्फ सन्नी पिता कृष्ण मुरारी सिंह उम्र 25 साल सड़क 10 ह्यद्गष् 02 भिलाई एवम इसके साथी नोमान हुसैन पिता शौकत उम्र 22 वर्ष सड़क 06 ह्यद्गष् 04 के द्वारा क्क्ष्द्भठ्ठद्य चौक केबपास पेड़ के नीचे ह्यद्गष् 02 भिलाई में विभिन्न अंको से सट्टा पट्टी के माध्यम से विभिन्न अंको का सट्टा पर्ची लेकर जुवा खिलवाने और ढ्ढक्क मैच में सट्टा लगवाने की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़कर थाना भिलाई भट्टी में अपराध क्रमांक 43/23 धारा 04 क जुवा एक्ट कायम कर विवेचना में लेकर अग्रिम कारवाही की जा रही है।





### जकात देने वाले से अल्लाह राजी, बढ़ता है परोपकारः मुफ्ती

**भिलाई, 11 अप्रैल।** आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड शाखा भिलाई के काजी ए शहर भिलाई दुर्ग छत्तीसगढ़ मुफ्ती मोहम्मद सोहेल ने रमजान के मुबारक महीने में मस्जिद आयशा हाउसिंग बोर्ड में एक वर्कशॉप ली। जिसमें उन्होंने इस्लाम की बुनियाद ईमान, नमाज,रोज़ा, हज व जकात के सिलसिले में अहम जानकारी दी। मुफ्ती सोहेल साहब ने सोना, चांदी, नगद, खेती,फसल , जानवर और तिजारती माल के अनुपात में जकात निकलेगी। इसके लिए साढ़े सात तोला सोना या बावन तोला चांदी या इनमे से किसी एक कीमत तक की रकम के मालिक को अपने माल की जकात 2.5 प्रतिशत निकाल कर जरूरतमंद, यतीमों, मोहताज,बेवा,फकीर , गरीब शिक्षा प्राप्त करने वाले स्टूडेंट एवं कर्ज में डूबे व्यक्ति को देना चाहिए।

# बिरनपुर में हुई हिंसा का शिवसेना ने किया कड़ा विरोध:सुरेंद्र यादव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 11 अप्रैल।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि बिरनपुर साजा में हुयी हिंसा का कड़ा विरोध दर्ज करते हुए कहा है कि लव जिहादियों द्वारा संगठत होकर प्लानिंग कर सुनियोजित ढंग से हिंसा कर निर्दोष की हत्या की है। घटना इतनी बड़ी हो जाएगी पुलिस को भी अंदाजा नहीं था। शान्तिप्रिय गाँव में ऐसी हिंसा की पुलिस के जवान भी समझाते समझाते ही उन पर भी हिंसक हमला कर दिया। आखिर छत्तीसगढ़ में लव जिहादियों द्वारा समय-समय पर ऐसे कृत्य किये जाते हैं। हिन्दू महिलाओं को बहला फुसला कर लव जिहाद धर्म परिवर्तन फिर हत्याएं हो रही हैं। हिन्दू विरोधी कार्य मंदिरों को क्षति कर अपमान कर रहे हैं। शिवसेना द्वारा भुनेश्वर साहू बिरनपुर को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राजू गुप्ता, विनोद यादव, अरविन्द झा, वीरेंदर गिरी, संदीप हटवार, रमेश सिंह, मनोज डहरे सहित शिव सैनिक शामिल हैं।




**कबीरधाम जिले में सोमवार को दिखा छत्तीसगढ़ बंद का असर**

कवर्धा।.कवर्धा और पौड़ी में सोमवार को दुकानें बंद दिखी लेकिन बस चलने के कारण स्टूडेंट को एग्जाम सेंटर पहुंचने में कोई दिक्कत नही हुई ।

# अपनी मांगों को लेकर पंचायत सचिवों ने निकाली बाइक रैली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,11 अप्रैल।** पाटन ब्लॉक में पंचायत सचिव अपनी एकसूत्रीय मांग परिवीक्षा अवधि पश्चात शासकीयकरण को लेकर आंदोलन के 26 वे दिवस जनपद पंचायत के बाहर 100 से अधिक संख्या में पंचायत सचिव हड़ताल में बैठे हुए हैं। सचिवों के आंदोलन से ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं बाधित हुई हैं और विकास कार्य पूर्ण रूप से ठप पड़े हैं। पंचायत सचिव संघ के ब्लाक अध्यक्ष नरेश सिंह राजपूत का कहना है कि शासन प्रशासन द्वारा अभी तक आंदोलन को लेकर किसी प्रकार का कोई पहल नहीं किया है, जिसके चलते ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। पंचायत सचिवों के आंदोलन को विभिन्न कर्मचारी संगठनों का समर्थन प्राप्त हो रहा है, कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर ने जानकारी दी की 11 अप्रैल को पंचायत सचिव दुर्ग जिले के तीनों ब्लाक से बाइक रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम से जिला कलेक्टर दुर्ग को अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकर के संबंध में ज्ञापन सौपेंगें। पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि आज आंदोलन को 26 दिवस हो गया है।

### मर्चेंट मिल ने लगातार दूसरे दिन स्थापित किया दैनिक कीर्तिमान



**भिलाई, 11 अप्रैल।** भिलाई स्टील प्लांट के मर्चेंट मिल ने लगातार दूसरे दिन दो फर्नेसों के साथ एक नया दैनिक उत्पादन का रिकॉर्ड दर्ज किया है। 7 अप्रैल, 2023 को मर्चेंट मिल जो टीएमटी बार्स और एंगल सहित हल्के स्ट्रक्चरल्स का उत्पादन करता हैं, ने 1,972 टन उत्पादन कर नया रिकॉर्ड बनाया है। इसके साथ ही मर्चेंट मिल ने 6 अप्रैल, 2023 को 1,960 टन के उत्पादन के साथ 7 सितंबर 2022 के 1,930 टन के पिछले रिकॉर्ड को पार करते हुए एक नया दैनिक उत्पादन का कीर्तिमान स्थापित किया। दो फर्नेसों के साथ 6 अप्रैल 2023 को 723 टन टीएमटी-25 रोलिंग का एक नया शिफ्ट रिकॉर्ड भी स्थापित किया जो 9 सितंबर 2022 को बनाए गए 718 टन के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया है।

# घर घुसकर मारपीट कर फरार 3 आरोपियों को पुलिस ने रीवागहन में किया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन।** प्रार्थी लीलाधार साहू अपने खेत से पाइप निकालने गया था वहां से वापस घर आकर आराम कर रहा था शाम करीब 05.30 बजे उनके गांव का रोमनाथ साहू, कुलदीप साहू और उनके साथी पुरानी रंजिश की बातों को लेकर सभी एक राय होकर लीलाधार साहू के ऊपर हमला करने की तैयारी के साथ रोमनाथ उर्फ रोमू साहू अपने हाथ में स्टील का हैंड स्टिक लेकर लीलाधार साहू को मारने के लिए घर अंदर घुस गये और मारपीट करने लगे। लीलाधार साहू द्वारा जोर-जोर से चिल्लाये तो चारों गिरते पड़ते भाग गये। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना घटित करने के बाद आरोपीगण फरार हो गये थे आरोपियों के गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनंत साहू, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन देवांश सिंह राठौर के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी राधेश्याम जुर्री के द्वारा टीम गठित कर फरार आरोपियों के लगातार पतासाजी की जा रही थी मुखबिर सूचना पर टीम रीवागहन को आरोपियों को रीवागहन में पकड़ा गया। आरोपी रोमनाथ उर्फ रामू साहू के कब्जे से हैंडस्टीक जप्त किया गया।

### नेताजी सुभाषचंद्र बोस के प्रपौत्र ने किया माँ काली का दर्शन, मंदिर समिति ने किया स्वागत



**भिलाई, 11 अप्रैल।** कालीबाड़ी सेक्टर-6 के मंदिर में काली माता का दर्शन करने के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रपौत्र सोमनाथ बोस पहुंचे। मां काली को पुष्प अर्पित कर आरती की। इसके उपरांत मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रदीप राय ने पीला गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया तथा छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज की ओर से प्रदेशाध्यक्ष सुमन शील ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया । सामाजिक संस्था की ओर से सुमित्रा मांझी ने पुष्प गुच्छ भेंट किया। इस मौके पर सोमनाथ बोस ने कहा कि मंदिर मातृभूमि की रक्षा का, देशभक्ति का और स्वदेशी का प्रेरणा देने वाला मंदिर है । मंदिर में दर्शन करने के बाद मां भारती के प्रति जीवन समर्पित करने की प्रेरणा मिलती है। वहीं उन्होंने गुलामी के संबंध में कहां की देश के गद्दारों ने फिरंगियों से मिलकर छल, धोखा और षड्यंत्र रचा, जिसके कारण भारत गुलाम हुआ ।

# निगम आयुक्त के कड़े निर्देश, ग्रीष्म ऋतु में न हो पेयजल संकट

### मेंटेनेंस के लिए किया जाएगा 1 दिन का शटडाउन

**भिलाई, 11 अप्रैल।** नगर पालिक निगम भिलाई समय-समय पर शिवनाथ इंटक वेल के संसाधनों का संधारण कार्य करता रहा है। गर्मी के दिनों को देखते हुए अब निगम ने पहले से ही इंटक वेल के संधारण कार्य को करने की ठानी है, ताकि आने वाले गर्मी के दिनों में शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जाता रहे तथा सुचारू रूप से पानी लोगों को मिलता रहे। जल कार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा तथा प्रभारी सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि भिलाई में ग्रीष्म ऋतु की तैयारी के लिए शिवनाथ इंटक वेल का मेंटेनेंस किया जाएगा। इसके लिए लगभग 10 घंटे के शटडाउन की आवश्यकता होगी। शट डाउन 12 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा। जिसके चलते 12 अप्रैल को सायं काल में तथा 13 अप्रैल यानी कि दिन गुरुवार को सुबह के समय पानी सप्लाई आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। भिलाई निगम के पूरे क्षेत्र में पेयजल की सप्लाई आंशिक रूप से प्रभावित होगी। निर्धारित शटडाउन की अवधि में कार्य पूर्ण करने का पूरा प्रयास जल कार्य विभाग का रहेगा। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने सभी जोन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जलापूर्ति के आंशिक रूप से प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर पानी की सप्लाई करने का प्रयत्न करें। उल्लेखनीय है कि शिवनाथ इंटेकवेल का आवश्यकतानुसार संधारण किया जाता रहा है, ताकि मशीनें और मोटर पंप सतत रूप से जल प्रदाय कर सकें। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 12 अप्रैल को संधारण का कार्य किया जाएगा। जिसमें प्रमुख रूप से ट्रांसफार्मर के सभी पैरामीटर की जांच, मोटर पंप के ऑयल, नमी, बेयरिग, पैनल से जुड़े हुए उपकरण तथा कैपिटल रिपेयर आदि को दुरुस्त किया जाएगा।

### निगम आयुक्त ने किया राजस्व विभाग का निरीक्षण फाइलों की लेटलतीफी पर लगाई फटकार

**भिलाई, 11 अप्रैल।** नगर पालिक निगम भिलाई के राजस्व विभाग के कार्यालय में सोमवार को निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अचानक निरीक्षण किया। उन्होंने फाइलों को आलमारी से निकलवाकर प्रगति की जानकारी ली, तथा टेबल पर रखे फाइलों के प्रोग्रेस की भी समीक्षा की, फाइल के स्लो प्रोग्रेस तथा मोमेंट को लेकर उन्होंने कर्मचारियों पर नाराजगी भी जाहिर की। इधर अचानक राजस्व विभाग में औचक निरीक्षण को लेकर अधिकारी/कर्मचारी भी सतर्क नजर आए। निगमायुक्त ने उपस्थिति पंजी आदि को लेकर भी निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित फाइलों को आगे नहीं बढ़ाने और देर तक फाइलों को अपने पास ही रखने के कारण भी पूछे, उन्होंने अधिक समय तक बिना कारण के फाइलों को लंबित नहीं रखने की चेतावनी अधिकारियों और कर्मचारियों को दी है। इस मामले को लेकर निगम आयुक्त रोहित व्यास निरीक्षण में सख्त नजर आए। उन्होंने राजस्व अधिकारी श्रीनिवास पटेल को निर्देशित करते हुए कहा कि फाइलों से संबंधित जानकारी का विवरण बनाकर प्रस्तुत करें। जिसमें फाइलों के विभाग में आने की जानकारी, संबंधित कर्मचारी के पास आने की जानकारी, प्रकरण पर की गई कार्रवाई आदि की विवरण प्रस्तुत हो। बता दें कि निगम आयुक्त रोहित व्यास कार्यों को लेकर कभी भी औचक निरीक्षण कर रहे हैं, आवेदकों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी रहे हैं। बावजूद इसके अनदेखा करने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही की तलवार लटक सकती है।



### भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ दुर्ग के जिला संयोजक अनूप गटागट ने की कार्यकारिणी घोषित

**उतई।** भारतीय जनता पार्टी दुर्ग जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के अनुमोदन एवं जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल की स्वीकृति और भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक राजेश अग्रवाल व प्रदेश सह संयोजक शिव चन्द्राकर की सहमति से भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनूप गटागट ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की है। कार्यकारिणी में दुर्ग जिला संगठन अंतर्गत निवासरत आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यगण जिला कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में पदेन शामिल रहेंगे।

# परिवार नियोजन के प्रति जागरूक हुए हैं लोग



**पाटन।** मोर मितान मोर संगवारी अभियान कार्यक्रम को लेकर चल रहे प्रचार-प्रसार और गतिविधियों से लोगों की समझ बढ़ी है और लोग परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों को अपनाने को आगे आ रहे हैं। अब अपने खुशहाल परिवार के लिए पुरुषों ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए नसबंदी को चुना है। डॉ आशीष शर्मा बीएमओ पाटन ने बताया कि शासन की हितग्राही मूलक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण योजनाओं को उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में बीईटीओ, पर्यवेक्षकों, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों , मितानिनों एवं अन्य विभागों के सहयोग एवं समन्वय से किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन जिला दुर्ग में 7 पुरुषों ने अपनी नसबंदी करवाई। बी एल वर्मा बीईटीओ ने बताया कि प्रेरकों में के के वर्मा, अंटेश्वर साहू, राकेश सार्वा, बसंत साहू, कुमेश द्वारा हितग्राहियों को सहयोग कर समुचित सहयोग किया। पाटन की ओटी टीम में डॉ अंकिता, सिस्टर रीना बंछोर, मंथरा, जितेंद निर्मलकर ,गिरिवर, लालमणी डहरे, रमेश सोनवानी, भरत आदि ने ऑपरेशन में सहयोग किया डॉ ए के सान्याल द्वारा ऑपरेशन किया गया।

# बीएसपी स्कूल प्रांगण में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए



**भिलाई, 11 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं उद्यानिकी विभाग द्वारा 10 अप्रैल को सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-6 में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय उपस्थित थे। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक जे वाय सपकाले ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं एस वी नंदनवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी सुब्रत प्रहराज, महाप्रबंधक विष्णु पाठक, महाप्रबंधक सीएसआर शिवराजन, महाप्रबंधक शिक्षा श्रीमती शिखा दुबे, महाप्रबंधक ईडी पी एंड ए कार्यालय एच शेखर, महाप्रबंधक दिनेश कुमार तथा उप महाप्रबंधक रवि कुमार फुले, उप महाप्रबंधक ए के चौहान, उप महाप्रबंधक सुरजीत मलिक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एस मुखोपाध्याय ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि जिस प्रकार भिलाई इस्पात संयंत्र इस्पात निर्माण के क्षेत्र में नए आयाम गढ़ने हेतु अग्रसर है उसी अनुपात में वृहद वृक्षारोपण के माध्यम से प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए भी अग्रसर है। अध्यक्षता कर रहे मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं जे वाय सपकाले ने कहा कि उद्यानिकी विभाग द्वारा ग्रीष्म ऋतु में वृहद वृक्षारोपण का कार्य किया जाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, इस चुनौती को स्वीकार करने के लिए उन्होंने उद्यानिकी विभाग को साधुवाद दिया। विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक एस वी नंदनवार ने कहा कि वृहद वृक्षारोपण का शुभारम्भ प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक है। मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों तथा स्कूली बच्चों द्वारा करंज, अमलतास सहित विभिन्न प्रजातियों के 400 से भी अधिक पौधे रोपित किये गये। धन्यवाद ज्ञापन उद्यानिकी विभाग के प्रभारी अधिकारी एन के जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पी पी रॉय, सुशील कामड़े, श्रीमती रजनी रजक, गफ्फार खान, राजेश शर्मा, शंकर अग्रवाल, संदीप नायडू, खीरू प्रसाद, आरिफ खान, चन्द्रकिरण ठाकुर सहित बड़ी संख्या में नगर सेवाएं एवं अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने सुदूर गांवों में जल जीवन मिशन योजनाओं की समीक्षा की



**कवर्धा,11 अप्रैल।** कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति अथवा आदिवासी बाहूल बोडला और पंडरिया विकासखण्ड के सूदूर एवं दुर्गम पहाड़ियों में बसे बैगा बसाहवट ग्रामों व गावों में पेयजल व्यवस्था की आपूर्ति बनाए जाएंगे। ऐसे ग्रामों में जहां नलकूप खनन हुए है, और ग्रीष्मकालीन में पर्याप्त जल आवक की क्षमता नहीं है ग्रामों में जल आपूर्ति बनाए रखने के लिए डगवेल खनन कर पेयजल की व्यवस्था की जाएगी।

कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने जल जीवन मिशन एवं ग्रीष्मकालीन पेजजल समस्याआ से निपटने के लिए लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के काम-काज की समीक्षा की। कलेक्टर ने ग्रीष्मकालिन पेयजल संकट की समस्या के प्रभावी निदान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य मद से अंतर्गत मिलने वाले नलकूल खनन लक्ष्यों को चिन्हांकित पेजजल संकट ग्रामों में नलकूप खनन के लिए त्वरित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। यहा बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष में 100 नलकूल खनन का लक्ष्य मिला है।कलेक्टर श्री महोबे ने बैठक में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, जीवन मिशन के कार्या की समीक्षा की। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यो,पूर्ण कार्यों एवं स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना के तहत प्रत्येक घरों में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुचाना है। ऐसे ग्राम पंचायत यहां जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण हो गए है, लेकिन वहां प्रत्येक घरों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है,ऐसे नल कनेक्शनों को पुनः ठीक करें। घरों में पानी पहुंचने पर ही संबंधित एंजेसियों को राशि का भूगतान सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में यह बात भी सामने आई की ग्रामों में विभिन्न प्रकृति जैसे स्त्रेत के लिए नलकूल, उच्चस्तरीय जलागार, के लिए स्थल, पाईप लाईन बिछाने के लिए अतिक्रमण भूमि, अन्य स्थानीय प्रकरण विवाद होने के कारण योजना के प्रगति प्रभावित हो रही है। कलेक्टर ने ऐसे प्रभावित ग्रामों की समस्या शीघ्र दूर करने के लिए सबंधित एसडीएम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। कलेक्टर ने जिला जल स्वच्छता मिशन के कार्यो की समीक्षा कर जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का त्वरित निदान के लिए अधिकारियों का आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होने जिले के स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में रनिंग वाटर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराए गए कार्यो की समयावधि में भौतिक सत्यापन करने के लिए अधिकारी को आवश्क निर्देश दिए है। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाईन के साथ ही उच्च स्तरीय पानी ठंकी निर्माण कार्य भी साथ ही साथ कराने के निर्देश दिए है।बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यपालन अभियंता श्री जीपी गौड़ ने बताया कि विभाग अंतर्गत कुल तीन उपखंड है। जिले में कुल 10873 क्रियाशील हैंडपंप है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 231 ग्रामीण नल जल प्रदाय योजना होने की जानकारी दी गई। 818 सिंगल फेस पावर पंप योजना 294 सोलर पंप योजना होने की जानकारी दी गई। वित्तीय वर्ष 2022-23 में नलकूप खनन के 130 का लक्ष्य मिला था, जिसमें से 128 नलकूप खनन का कार्य किया जा चुका है। पेयजल समस्या के संभावित ग्राम एवं बसाहट में मुख्य बस्ती या बसाहटों में संचालित हैंड पंप, पावर पंप या नल जल योजना द्वारा पेयजल उपलब्ध होने की जानकारी विभाग द्वारा दिया गया। बंद हैंडपंप के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि शिकायत प्राप्त होने के 48 घंटे के अंदर सुधार के लिए कार्यवाही की जा रही है इसके लिए हैंडपंप संधारण मोबाइल यूनिट का प्रभावी रूप से संचालन हो रहा है। प्रत्येक उपखंड में एक मोबाइल यूनिट कार्यरत होने की जानकारी दी गई तथा इस संबंध में राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबर 1800-233008 के संबंध में जानकारी दी गई।जल जीवन मिशन के संबंध में चर्चा करते हुए बताया गया कि जिले के 959 ग्रामों में से 957 ग्रामों में कार्य स्वीकृत कर दिया गया है। 718 ग्रामों में कार्यआदेश जारी किया गया है तथा 53 ग्रामों में कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिले में 173 ग्रामों में जल प्रदाय प्रांरभ हो गया है।कार्यपालन अभियंता लोकतंत्र स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बताया की जिले में कुल 195335 घरेलू नल कनेक्शन करने का लक्ष्य है। इसमें से 98754 पूर्ण कर लिया गया है, जोकि लक्ष्य का 50 प्रतिशत है। जिले में 661 ग्रामों में कार्य प्रगति पर है। हर घर जल ग्राम के अंतर्गत 53 ग्रामो में योजना पूर्ण रूप से संचालित है साथ ही 174 ग्रामों में पूर्ण एवं आंशिक जल प्रदाय हो रहा है।

## एक नजर

### लोक महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए तरुण सिन्हा



**राजनांदगांव 11 अप्रैल।** लोक महोत्सव खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के मुंजाल पाथरी पहुंचे कांग्रेस नेता तरूण सिन्हा खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुंजाल पाथरी में दो दिवसीय लोक महोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस के बहुत ही लोकप्रिय ऊर्जावान नेता तरुण सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा यह उत्सव ऐसा महोत्सव आप लोग के द्वारा किया जा रहा है जो छेत्र में एक नई दिशा को दर्शाता है इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को छत्तीसगढ़ की परंपरा गीत संगीत पंथी पंडवानी रामायण जस जैसे अनेक कार्यक्रम को देखने का अवसर आप सभी ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासियों को मिलेगा जिससे छत्तीसगढ़ की परंपरा को एक नया बल मिलेगा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी ने भी छत्तीसगढ़ की परंपरा खेलकूद खानपान बोली भागा छत्तीसगढ़ के कल्चर को बढ़ाने का कार्य किया है ठीक उसी प्रकार आप सब समस्त ग्राम वासियों ने भी ऐसे कार्य को कर छत्तीसगढ़ की परंपरा का मान बढ़ाया श्री सिन्हा ने सभी आयोजक बंधुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गांव वालों ने भी तरुण सिन्हा का जोरदार स्वागत सम्मान गाजे-बाजे के साथ किया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नरेश शुक्ला जी कुमर्दा सरपंच दिनेश ठाकुर जी शरद चंद्राकर जी प्रकाश मोठघरे जी।

### शासकीय वाहनों की नीलामी के लिए निविदा आमंत्रित

**राजनांदगांव 11 अप्रैल।** जिला कार्यालय राजनांदगांव की कंडम वाहनों को नीलाम किए जाने के लिए 20 अप्रैल 2023 को दोपहर 3 बजे तक जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 5 राजनांदगांव में बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की गई है। प्राप्त निविदा को 20 अप्रैल 2023 को ही संध्या 4 बजे जिला कार्यालय एडीएम कक्ष क्रमांक 30 राजनांदगांव में निविदा खोली जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 5 राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

### 12 अप्रैल को संध्याकालीन जलप्रदाय आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा

**रायपुर 11 अप्रैल।** नगर पालिक निगम रायपुर के जल कार्य समिति अध्यक्ष श्री सतनाम सिंह पनाग ने जानकारी देते हुए बताया कि 80 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट के अन्तर्गत भाठागांव नहर रोड के पास 750 एम. एम. व्यास की क्षतिग्रस्त रा वाटर पी. एस. सी. पाईप लाईन की मरम्मत का कार्य करने के कारण दिनांक 12 अप्रैल 2023 को 80 एम.एल.डी. प्लांट से भरने वाली ओव्हरहेड टैंक डंगनिया, गंज, गुढ़ियारी, राजेन्द्र नगर, तेलीबांधा, शंकर नगर, खमतराई, भनपुरी, ईदगाहभाठा पुरानी टंकी एवं श्याम नगर से सुबह जलप्रदाय होने के पश्चात् शाम को जलप्रदाय आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा तथा दिनांक 13 अप्रैल 2023 को जलप्रदाय यथावत रहेगा। उपरोक्त के अलावा शहर में स्थित अन्य जलागारों एवं पावर पंपों से जलप्रदाय यथावत रहेगा।

### बिरनपुर घटना से प्रदेश का सौहार्द्र कलंकित हुआः रिजवी

**रायपुर 11 अप्रैल।** मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने बेमेतरा के बिरनपुर के मामूली विवाद से भड़की हिंसा को प्रदेश के सौहार्द्रपूर्ण वातावरण को कलंकित करने वाला घटना बताते हुए कहा है कि दो लड़कों के आपसी विवाद ने हिंसा का रूप ले लिया जिसे दोनों समाज के समझदार लोग रोक सकते थे तथा एक युवक की हादसे में मौत दुखद है। सायकल से कट मारने के मामूली विवाद को तूल देकर हिंसा का रूप देना गलत है। दोनों पक्ष को आपस में बैठकर इस मसले को सुलझाना चाहिए था। साजा विधानसभा के परम्परागत् विधायक एवं मंत्री श्री रविन्द्र चौबे सरल एवं मृदुभाषी व्यक्ति हैं तथा सर्वधर्मसमभाव के पोषक हैं। श्री चौबे का पूरा परिवार राजनीति में रहा है तथा उस क्षेत्र में इस प्रकार की हिंसात्मक घटना घटित होना दुर्भाग्यपूर्ण है। रिजवी ने कहा है कि शासन-प्रशासन इस हिंसात्मक घटना को अंजाम देने वालों को चिन्हांकित कर ठोस कदम उठाएं ताकि ऐसी अनहोनी घटना की पुनरावृत्ति न होने पाए। कुछ विध्वंसकारी तत्व ऐसी घटना को प्रचारित-प्रसारित कर प्रदेश के भाईचारे को नष्ट करने की मानसिकता रखते हैं तथा ऐन चुनावों के वक्त ऐसी घटनाओं को भड़काकर देश-प्रदेश को दो वर्गों में बांटने की एक मुहिम के तहत वर्ग विशेष को भड़काकर स्वार्थ सिद्ध करना चाहते हैं परन्तु हमारा छत्तीसगढ़ शांति का टापू है।

# औद्योगिक व वाणिज्यिक विकास के लिए राज्य लॉजिस्टिक्स नीति लागू

## बीमार एवं बंद उद्योग के लिए संजीवनी बनेगी यह नीति, अनाज एवं अन्य उत्पादों के प्रसंस्करण व भंडारण को मिलेगा प्रोत्साहन

**रायपुर 11 अप्रैल।** अर्थव्यवस्था के मानकों के हिसाब से देखें तो किसी राज्य के विकास में उद्योगों की भूमिका अहम मानी जाती है। उद्योग रोजगार सृजन करने के साथ ही राज्य की विकास दर में भी वृद्धि करता है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य में लागू नवीन औद्योगिक नीति से राज्य में निवेश बढ़ा है। राज्य सरकार ने उद्योगों के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए छत्तीसगढ़ में बंद एवं बीमार उद्योग के लिए नई नीति लागू की है। इससे बंद एवं बीमार उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा और वे बेहतर तरीके से संचालित हो पायेंगे। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू लॉजिस्टिक्स नीति की मदद से निर्यात में बढ़ोतरी के साथ ही कृषि सहित अन्य उत्पादों के प्रसंस्करण व भंडारण को प्रोत्साहन मिलेगा।



राज्य में औद्योगिक विकास के साथ-साथ वाणिज्यिक विकास को बढ़ावा देने, देश के कुल निर्यात में राज्य का योगदान बढ़ाने, राज्य में उपलब्ध खनिज सम्पदा का समुचित दोहन, सुदूर अंचलों में कृषि को प्रोत्साहित करने एवं अनाज तथा अन्य उत्पादों के प्रसंस्करण व भण्डारण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य लॉजिस्टिक्स नीति-2022 (01 नवम्बर 2019 से 31 अक्टूबर 2024) लागू की गई है। इस नीति के तहत लॉजिस्टिक, वेयर हाउस, कोल्ड स्टोरेज की स्थापना, एकल स्वामित्व, साझेदारी, कंपनी, सीमित दायित्व साझेदारी, सहकारी समिति, हिन्दू अविभाजित परिवार, स्वयं सहायता समूह तथा कृषक उत्पादक संगठन द्वारा किए जाने पर औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन की पात्रता है। इस नीति के अंतर्गत उद्यमों में किये गये स्थायी पूंजी निवेश का 35-55 प्रतिशत तक अधिकतम राशि रूपये 35-350 लाख तक स्थायी पूंजी निवेश अनुदान, 50-60 प्रतिशत अधिकतम राशि रूपये 10-55 लाख तक ब्याज अनुदान, वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ करने के दिनांक से 5-8 वर्ष तक विद्युत शुल्क से पूर्ण छूट, स्टॉम्प शुल्क से छूट तथा परिवहन वाहन अनुदान दिए जाने का प्रावधान है।

वर्तमान में राज्य में औद्योगिक क्षेत्रों एवं औद्योगिक क्षेत्रों के बाहर भी उद्योग स्थापित हुए हैं। प्रदेश में जितनी तीव्र गति से उद्योगों की स्थापना हो रही है उनसे जुड़ी हुई विभिन्न प्रकार की समस्याओं के कारण इन स्थापित उद्योगों में से कुछ उद्योग बीमार एवं बंद भी हुए हैं। इन बीमार व बंद उद्योगों को पुनः संचालित किये जाने, पुनः रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ बंद एवं बीमार उद्योगों हेतु विशेष निवेश प्रोत्साहन नीति 2019 लागू की गई है। इसके तहत् बीमार एवं बंद उद्योगों के पुर्नवास और पुर्नसंचालन पैकेज अंतर्गत स्टाम्प शुल्क से छूट, पंजीयन शुल्क से पूर्ण छूट, ब्याज अनुदान, स्थायी पूंजी निवेश अनुदान, परियोजना प्रतिवेदन अनुदान, गुणवत्ता प्रमाणीकरण अनुदान, तकनीकी पेटेंट अनुदान, प्रौद्योगिकी क्रय अनुदान, निःशक्त अनुदान, विद्युत शुल्क से छूट, प्रवेश कर भुगतान से छूट एवं मण्डी शुल्क छूट प्रदान करने का प्रावधान है।

# बेरोजगारी भत्ता के लिये कलस्टर सेन्टरों में अब तक 234 दस्तावेजों का हुआ सत्यापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 अप्रैल।** राज्य शासन द्वारा 1 अप्रैल से शिक्षित बेरोजगारों को राशि 2 हजार 5 सौ रूपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने योजना प्रारंभ की गयी है। योजना के क्रियान्वयन के लिये जिलाधीश श्री डी. सिंह के निर्देश पर ऑनलाईन आवेदन उपरांत सत्यापन के लिये आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने 10 कलस्टर स्थल निर्धारित किया है। जहॉ शासकीय व्याख्यातों, शिक्षकों एवं कम्प्यूटर आपरेटरों द्वारा आवेदकों की किये गये अपलोट दस्तावेजो का मूल प्रति से सत्यापन किया जा रहा है। अब तक अपलोड 234 दस्तावेजों का सत्यापन किया गया है। आज ठा.प्यारेलाल स्कूल कलस्टर सेन्टर का महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने निरीक्षण कर 2 पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश प्रदान किये, जिन्हे नियमानुसार बेरोजगारी भत्ता भुगतान किया जायेगा। महापौर श्रीमती देशमुख आज ठा.प्यारेलाल स्कूल कलस्टर सेन्टर का निरीक्षण कर चल रहे सत्यापन कार्य की जानकारी ली तथा सभी कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों से शासन निर्देशानुसार सत्यापन करने के निर्देश दिये, उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र बेरोजगार युवक व युवती योजना के तहत बेरोजगारी भत्ता लेने से वंचित न रहे, उन्होंने अब तक अपलोड दस्तावेंजो की जॉच की जानकारी ली



जिसपर नोडल अधिकारी श्री भूपेन्द्र वाडेकर ने जानकारी दी कि अब तक सभी 10 कलस्टर सेन्टरों में 234 दस्तावेंजो की जॉच कर सत्यापन की जा चुकी है। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि जो आवेदक दस्तावेंज जॉच कराने नहीं आ पा रहे है, उनसे सम्पर्क कर जॉच हेतु बुलावे, जिससे वे बेरोजगारी भत्ता से वंचित न रहे।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती देशमुख ने वार्ड नं. 9 शंकरपुर के श्रीमती सरिता वर्मा एवं वार्ड नं. 42 सर्किट हाउस क्षेत्र के श्री गुलशन यादव को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृति आदेश प्रदान किये। इस अवसर पर उन्होंने बधाई देते हुये कहा कि बेरोजगारों को उनके केरियर बनाने आ रही आर्थिक कठिनाई को दूर करने मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी ने बेरोजगारी भत्ता योजना प्रारंभ किये है, जिसके तहत बेरोजगारों को प्रतिमाह 2 हजार 5 सौ रूपये भत्ता दिया जायेगा। जिसका लाभ देने 10 कलस्टर सेन्टर में आवेदको द्वारा पोर्टल में अपलोड दस्तावेंजो की जॉच कर सत्यापन किया जा रहा है, ताकि उन्हें बेरोजगारी भत्ता मिल सके। उन्होंने कहा कि सत्यापित दस्तावेंजो के आधार पर आज श्रीमती सरिता वर्मा एवं श्री गुलशन यादव को स्वीकृति आदेश दिया जा रहा है। जिसके आधार पर इन्हें नियमानुसार 1 अप्रैल 2023 से बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा। उन्होंने अपील कि है कि सभी बेरोजगार युवक युवती पोर्टल में आवेदन कर पात्रतानुसार बेरोजगारी भत्ता का लाभ ले। श्रीमती सरिता वर्मा एवं श्री गुलशन यादव ने स्वीकृति पत्रक देने पर महापौर श्रीमती देशमुख का धन्यवाद देते हुये कहा कि बेरोजगारी भत्ता योजना छत्तीसगढ़ सरकार की युवाओं के लिये महत्वकाक्षी योजना है, इसके माध्यम से युवाओं को अपनी आगे की पढ़ाई कर अपना भविष्य सवारने के लिये आर्थिक मदद मिल जायेगी। अब हमे नौकरी की तैयारी के लिये पुस्तक खरीदने एवं परीक्षा फार्म भरने किसी के उपर आश्रित नही रहना पडेंगा। उन्होंने योजना के लिये मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी का आभार व्यक्त किया है।

# न्याय क्षेत्र के प्रमुख आधार स्तंभों में से एक अधिवक्ता प्रभात तिवारी नहीं रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 अप्रैल।** नगर के वरिष्ठतम एवं उच्च न्यायालय बिलासपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता रहे प्रभात तिवारी जी (पी.के.सी. तिवारी) का आज 83 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे।श्री तिवारी पूर्व जिला युंका अध्यक्ष, छ ग स्टेट बार एसोशियेशन के सदस्य तथा नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत तिवारी, अधिवक्ता सुशांत तिवारी, इंजीनियर सीमांत तिवारी के पिता थे। वे अपने पीछे नाती -पोते सहित भरा -पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा आज चिखली स्थित निवास से दोपहर को लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जहां उनके जेष्ठ पुत्र प्रशांत तिवारी ने उन्हें मुखाग्नि दी।उनकी अंत्येष्ठि में अधिवक्ता समूह, सामाजिक, धार्मिक संगठन के प्रतिष्ठितजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। अंतिम संस्कार पश्चात मुक्तिधाम में एक शोक सभा आयोजित की गई जिसे उच्च न्यायालय बिलासपुर के पूर्व न्यायाधिपति एवं राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष गौतम चौरडिया, उच्च न्यायालय के पूर्व महाधिवक्ता कनक तिवारी,कान्यकुब्ज सभा रायपुर के अध्यक्ष अरुण शुक्ला, शिक्षाविद आर पी दीक्षित ने संबोधित किया।शोक सभा के माध्यम से वक्ताओं ने कहा कि न्याय के मार्ग के प्रमुख आधार स्तंभों में से एक थे श्री तिवारी। उन्होंने कहा कि श्री तिवारी अपना पूरा जीवन न्याय के प्रति समर्पित कर दिया। उनके निधन से समाज एवं अधिवक्ता जगत को हुए नुकसान की भरपाई संभव नहीं है। वक्ताओं ने श्री तिवारी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला । अधिवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व छोटेलाल तिवारी के पुत्र श्री प्रभात तिवारी जी कान्यकुब्ज सभा राजनांदगांव के लंबे समय तक अध्यक्ष रहे एवं दिग्विजय स्टेडियम के सचिव, विधि महाविद्यालय के प्राचार्य सहित राजनांदगांव के अग्रिम पंक्ति के अधिवक्ताओं में शीर्षस्थ थे ,साथ ही उच्च न्यायालय बिलासपुर की स्थापना के बाद उन्होंने वहां वकालत प्रारंभ की जहां वे वरिष्ठ अधिवक्ता के पद में आसीन होकर उत्कृष्ठ विधिवेत्ता के रूप में अपना लोहा मनवाया। उनकी अंत्येष्ठि में जीवजंतु कल्याण बोर्ड छ ग शासन के अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, युवा आयोग के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हाफिज खान, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष मन्ना यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी, नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.



एके दीक्षित, डॉ महेश मिश्रा, पत्रकारिता जगत के शैलेंद्र कोठारी,विमल हाजरा, आलोक शर्मा,वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमेश जोशी, मुरलीधर हरिहारनो, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, सुदेश देशमुख, अजीत जैन,जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष के के सिंह, पूर्व अध्यक्ष मनोज चौधरी, उमाकांत भारद्वाज, प्रमोद मोहबे,चंद्रपाल सिंह पवार,परवेज अख्तर, नरेंद्र चौरसिया, गजेन्द्र बक्शी,राजेश खांडेकर, प्रवीण मल, उमेश मिश्रा, वीरेंद्र दीवान,डॉ.सूर्यप्रकाश द्विवेदी,के के द्विवेदी, के एन तिवारी, वी बी सिंह, जरनैल सिंह भाटिया, रईस अहमद शकील, रूबी गरचा, पवन मेश्राम, दौलत सिंह चंदेल, अशोक जैन, चंद्रभान बाजपेई, पप्पू धकेता, नीरज बाजपेई, जयराज चौथवानी, धर्मेंद्र जैन, अमिताप श्रीवास्तव, संजीव मिश्रा, महेंद्र शर्मा,प्रवीण मेश्राम,हनी ग्रेवाल, मूलचंद भंसाली, अमित चंद्रवंशी, बी एन ठाकुर, मनमोहन तिवारी, एजाज सिद्दकी, नारायण कन्नोजे, बालू भंसाली, गणेश खोबरागड़े के अलावा बिलासपुर,रायपुर, बलौदा बाजार, दुर्ग सहित पूरे छत्तीसगढ़ के प्रमुख स्थानों के अधिवक्तागण एवं नगर के गणमान्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मगरलोड स्वास्थ्य केंद्र में अधिकारी की मनमानी

■ 10 बजे खुलता है ओपीडी, 10.30 बजे आते हैं डाक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**नगरी-मगरलोड 11 अप्रैल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड में इन दिनों भर्राशाही पूरे चरम पर है डाक्टरों के द्वारा मनमानी के चलते सारे नियम कायदे की धज्जियां उड़ाई जा रही है, स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग के सरकारी आदेश का अवहेलना कर नियमों को ठेंगा दिखा है, मगरलोड के इस स्वास्थ्य केंद्र में भर्राशाही अपने पूरे शबाब पर हैं, विभाग के इस गैरजिम्मेदाराना व्यवहार और लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, ईलाज के लिए दूर दराज से पहुंचे ग्रामीणों को डाक्टरों का घंटों इंतजार करना पड़ता है उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग के गाईड लाईन के अनुसार ओपीडी खुलने का समय सुबह 9 बजे से 1 बजे और शाम को 5 से 7 बजे है, लेकिन मगरलोड स्वास्थ्य केंद्र में नियमों को ताक में रख कर अधिकारी अपने मनमर्जी से ओपीडी खुलवाते है, आप को बता दें कि दिनांक 10.4.23 को सुबह 9.15 को हमारे प्रतिनिधि अस्पताल पहुंचा तो अस्पताल पूरी तरह वीरान था एक भी कर्मचारी नजर नहीं आया अस्पताल के अंदर देखने पर डाक्टरों का चेंबर खुला मिला, लेकिन चेंबर में कोई नही था, इसके बाद जब एमरजेंसी वार्ड में गया तो वहां पर दो महिला कर्मचारी डुयुटी में तैनात मिली, जब इनसे ओपीडी और डाक्टर के बारे में पूछने पर बताया गया कि ओपीडी 10 बजे खुलता है और डाक्टर 10.30 बजे आते हैं, स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मामले को संज्ञान में लेकर उच्च स्तरीय जांच होगी तो और ऐसे कई मामले को खुलासा हो जाएगा।

जब इस मामले को लेकर बी.एम.ओ.श्रीमती शारदा ठाकुर से जानकारी लेने फोन लगाया तो उन्होंने काल रिसीव नहीं की।

### बच्चे कापी पुस्तको की कमी से शिक्षा से दूर न रहे इसके लिए हम आगे भी प्रयासरत रहेंगे:डब्बू चांडक


**मोहला 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजनीति के लिए जन्मदिन पर फल वितरण रक्तदान शिविर आयोजन या किसी अनाथ आश्रम वृद्धाश्रम में फलों का वितरण करते आप लोगो ने भी



देखा सुना होगा लेकिन छत्तीसगढ़ नवगठित जिला मानपुर मोहला के एक युवा नेता व प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य डब्बू चांडक ने मानपुर जिले के अन्तिम छोर में बिहड़ जंगली इलाके में स्थित प्राथमिक शाला बुकमरका पहुंचे । इस दौरान युवा नेता ने स्कूल के छोटे छोटे बच्चों के साथ मिलकर उनका हाल चाल जाना और बच्चो को अच्छी तरह से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया । वही स्कूली बच्चों को इस युवा नेता ने कापी पुस्तकें वितरण किया । युवा नेता के द्वारा किए गए इस पहल से स्कूल प्रबंधक भी अपनी प्रसन्नता जाहिर की वही पूरे मामले पर युवा नेता ने मिडिया से चर्चा के दौरान बताया कि मानपुर मोहला जो कि सघन वनांचल क्षेत्र है इस क्षेत्र में कई बच्चो को स्कूली शिक्षा के दौरान जरूरत पढ़ने वाली कापी पुस्तको के लिए कई बार आर्थिक परेशानी से भी जूझना पड़ता है इसलिए हम ऐसे बच्चो को चिन्हित कर उसकी छोटी सी मदद करना चाहते है ताकि ये बच्चे कापी पुस्तको की कमी से शिक्षा से दूर न रहे इसलिए आगे भीं इस तरह का प्रयास जारी रहेगा। वही इस दौरान समाज सेवक रुपेश चंद्राकर भोला साहनी पूनम जाट एवं सहित आदि कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।


### सचिन आहूजा गोल्ड मेडल से सम्मानित

**रायपुर 11 अप्रैल।** देश के टॉप 5 मैनेजमेंट संस्थानों में से एक इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट, कोजहिकोडे, केरल में 8 अप्रैल 2023 को संपन्न हुए दीक्षांत समारोह में रायपुर शहर के पूर्व पार्षद रमेश आहूजा के पुत्र सचिन आहूजा ने समग्न उत्कृष्टता के लिए गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया सचिन आहूजा ने 10 साल से भी अधिक समय कॉर्पोरेट में काम करने के बाद एम् बी ए करने का निर्णय लिया ! परिवार से एक साल दूर रहकर उन्होंने पढाई में पूरा ध्यान देकर परिवार को उनके बलिदायनों का पुरस्कार इस गोल्ड मैडल के रूप में दिया ! सचिन की पत्नी ऋच्चा ने दोनों बच्चों को एक साल ध्यान रखकर स्वयं के स्टार्टअप से वित्तीय रूप से भी सचिन को पूरा सपोर्ट दिया ! सचिन ने आईआईएम में ऋच्चा के स्टार्टअप पर एक केस भी लिखा जिसे आगे आईआईएम में आने वाली बैच को पढ़ाया जायेगा ! इस तरह सचिन और ऋच्चा हमेशा आईआईएम में अपनी एक छाप छोड़ कर आये है ! सचिन का रनिंग के प्रति विशेष रुझान होने की वजह से उन्होंने ढ्ढद्वरू में सभी लोगो को जोड़कर एक रनिंग कम्युनिटी की भी शुरुआत की जिसने आईआईएम में फिटनेस को काफी प्रोत्साहित किया ! संसथान के डायरेक्टर श्री देबाशीष चटर्जी ने अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में सचिन को ÷अनपुटडाउनेबल÷ की संज्ञा दी थी !



### सिर्वे में निषाद समाज का हुआ क्षेत्रीय अधिवेशन

**अंवरी 11 अप्रैल।** ग्राम सिर्वे मे निषाद समाज का क्षेत्रीय अधिवेशन रखा गया । जिसमे मुख्य अतिथि रामस्वरूप साहू भा ज पा जिला मंत्री थे उन्होंने कहा की भक्त गुहा निषाद जी को त्रेतायुग से अब तक कलयुग में भी उनको याद करते है निषाद जी अटपते प्रेम निर्मल मन और साफ दिल प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त थे ज़ब प्रभु श्रीराम को वनवास काल में गंगानदी को पार करना था तब राम ने केवंट को बुलाया केवट ने कहा मांगी नाव ना केवट आना, कहहि तुम्हार मरम मय जाना आपके मरम को मै अच्छे से जानता हु आपके पैर के धूल में इतना शक्ति है की पत्थर को भी नारी बना दिए, मेरा नाव तो लकड़ी है अगर वह नारी बन गई तो मै अपना जीवन यापन कैसे करूंगा।इस अवसर पर चंदू निषाद जिलाध्यक्ष निषाद समाज , आनंद यदु मंडल अध्यक्ष, सीमा यदु सरपंच, संतोषी निषाद पार्षद , ईश्वर निषाद क्षेत्रीय अध्यक्ष, ललित निषाद , मोहन यदु , लक्ष्मण निर्मलकर, चन्द्रिका साहू , गणपत निषाद, हन्नू निषाद, कुमार निषाद, अक्तू निषाद, लीला राम निषाद, राजू निषाद , मेलाराम निषाद , अघनू निषाद, पित्ताम्बर निषाद , ब्रम्ह कुमार निषाद , लोकेश निषाद, अर्जुन निषाद, अनिल निषाद , नूतन निषाद, ओमप्रकाश निषाद, जुगराम निषाद आदि उपस्थित थे।



# साहित्यकारों का सम्मान समारोह 12 अप्रैल को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 अप्रैल।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा गणेश पर्व प्रतियोगिता आयोजित किया गया था, साथ ही पूर्व की भाति इस वर्ष भी फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी, जिसके परिणामों की घोषणा पूर्व में किये गये थे, जिन्हें पुरूस्कृत किया जाना है, इसके अलावा नगर के साहित्यकारों का सम्मान भी किया जाना है। उक्त कार्यक्रम 12 अप्रैल 2023 दिन बुधवार को पूर्वान्ह में 11:00 बजे निगम सभागृह में आयोजित किया गया है। आयोजन के संबंध में नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि संस्कारधानी की परंपरानुसार इस वर्ष नगर में भव्य गणेश पर्व मनाया गया, गणेश पर्व में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा एवं विसर्जन झाकी प्रतियोगिता अ तथा ब वर्ग में आयोजित किया गया, जिसके परिणामों की घोषणा की गयी थी। इसी प्रकार बजट प्रावधानानुसार गत वर्ष की भाति इस वर्ष भी विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता 4 वर्ग में आयोजित की गयी थी, प्रतियोगिता के परिणाम भी पूर्व में घोषित किया गया था जिसका पुरूस्कार वितरण किया जाना है। साथ ही बजट प्रावधानानुसार नगर के साहित्यकारों का संस्कारधानी के प्रख्यात साहित्यकारो की स्मृति मे सम्मान किया जाना है,जिसके लिये कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि उपरोक्त तीनों कार्यक्रम दिनांक 12 अप्रैल 2023 दिन बुधवार को नगर निगम सभागृह में पूर्वान्ह 11:00 बजे महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की अध्यक्षता में निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया है। उन्होंने पार्षदों, नामांकित पार्षदों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है, इसके अलावा साहित्यकारों, गणेश समिति के पदाधिकारियो एवं फोटोग्राफी से जुडे छायाकारों के अलावा शहर के गणमान्य नागरिकों,पत्रकार बंधुओ से उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### ग्राम पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ जिला धमतरी की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

**अंवरी 11 अप्रैल।** ग्राम पंचायत कम्प्यूटर आपरेटर संघ जिला धमतरी का बैठक 08 अप्रैल को ग्राम पंचायत अंवरी में संपन्न हुआ, जिसमें छःग प्रान्ताअध्यक्ष गिरधर कुमार पटेल जरवायडीह, जिला अध्यक्ष वोमेश साहू करगा, जिला उपाध्यक्ष हेमनाथ साहू भेंडरवानी, जिला सचिव आशराम सिन्हा मरौद, धमतरी ब्लॉक अध्यक्ष कौशल,धागा सिन्हा डोड़की,मुकेश निर्मलकर अंवरी क्लस्टर ऑपरेटर, राधेरमण सिर्री, यशवंत धनकर कानामुका, डिगेश साहू सिलतरा, मिथलेश साहू कचना, लेखराम देवांगन सुपेला, मनीष साहू, सोनिया चक्रधारी बिरेझर, बबिता साहू सिवनीकला, मिडिया प्रभारी पोखराज साहू मडेली,तिजेन्द्र कुमार भैसबोड़ एवम सभी ग्राम पंचायत आपरेटर संघ मिलकर 22 अप्रैल को शासन प्रशासन से अपनी मांग को लेकर राज्योत्सव मैदान निमोरा रायपुर में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।



# सड़क सुरक्षा के लिए समग्र, समन्वित एवं सकारात्मक प्रयासों की जरूरत:अमिताभ जैन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 अप्रैल।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से सड़क सुरक्षा के संबंध में जिलों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर श्री डोमन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीणा उपस्थित रहे। मुख्य सचिव श्री अभिताभ जैन ने कहा कि सड़क सुरक्षा नीति के पुनर्निर्माण तथा सड़क सुरक्षा कार्ययोजना के लिए विशेष तौर पर कार्य करने की जरूरत है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। भारत शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा के लिए सभी जिलों में जागरूकता हेतु जिला प्रशासन, पुलिस, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के समन्वित प्रयास से



निरंतर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, रायगढ़, कोरबा, बलौदा बाजार जैसे जिलों में सड़क दुर्घटना तथा मृत्यु के आंकड़ों को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना के वास्तविक कारण की प्रविष्टि होने पर कारणों को दूर किया जा सकेगा। उन्होंने राजनांदगांव जिले में जिला प्रशासन द्वारा 4 हजार नागरिकों को हेलमेट पहनने के लिए शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित करने की पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए बिहेवियर चेंज के माध्यम से नागरिकों को हेलमेट पहनने की आदत को प्रोत्साहित करें। राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों को भी इससे जोड़ा जा सकता है। उन्होंने सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए जिले में कांजी हाऊस में पशुओं को रखने की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में 108 एवं 112 टोल फ्री नंबर के माध्यम से सेवाएं दी जा रही हैं। सड़क दुर्घटना के बाद 108 एवं 112 के माध्यम से सड़क दुर्घटना के बाद त्वरित चिकित्सा सेवा एवं चिकित्सा दी जानी चाहिए। इसके लिए समग्र एवं सकारात्मक प्रयासों की जरूरत है। सड़क दुर्घटना रोकने के लिए किए जाने वाले प्रसास तथा रैंकिंग को बेहतर करने की आवश्यकता है। जिलों में इसके लिए लगातार सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, अतिक्रमण हटाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हालांकि इन प्रयासों में समय लगेगा, लेकिन इसके परिणाम बेहतर रहेंगे। उन्होंने सड़क सुरक्षा के क्रियान्वयन, मानिटरिंग, मूल्यांकन के संबंध में चर्चा की। सड़क दुर्घटना के डेटा संग्रहण, रिकार्डिंग एवं विश्लेषण के संबंध में कहा, ताकि सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए सशक्त कदम उठाया जा सके। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने बताया कि जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं यातायात शिक्षा लगातार दी जा रही। सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए कांजी हाऊस में पशुओं को रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्य मार्गों के निर्माण के दौरान आवश्यक सड़क सुरक्षा बोर्ड लगाए जा रहे है। खड़ी हुई गाडियों में अन्य वाहनों के टकराने को रोकने लिए रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं। टर्निंग पाईट, फुटपाथ, पार्किंग स्थलों एवं अन्य दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। इन प्रयासों से जिले में सड़क दुर्घटना में कमी आई है।

## संपादकीय

# शराबबंदी सामाजिक जागरण के बाद ही

राजनीति में कई बार ऐसा होता है कि राजनीतिक दलों को चुनाव के पहले जो वादा पूरा करना सरल लगता है,वह वादा सरकार में आने के बाद लगता है कि इसे पूरा नहीं किया जा सकता। कई सरकारों के साथ ऐसा है क्योंकि वादा करते वक्त सरकार को हकीकत का पता नही रहता है,जब हकीकत का पता चलत है तब राजनीतिक दल को लगता है कि इसे पूरा करने तो मुश्किल है। छत्तीसगढ़ शराबबंदी का वादा ऐसा ही वादा है। कांग्रेस ने महिलाओं का वोट लेने के लिए चुनाव के दौरान तो यह वादा कर दिया कि वह सत्ता में आएगी तो छत्तीसगढ़ में शराबबंदी करेगी। सत्ता में आने के बाद पता चला कि राज्य सरकार को जितनी आय शराब होती है,शराबबंदी से वह बंद हो जाएगी। सरकार के लिए तत्काल पांच से छह हजार करोड़ रुपए का घाटा बहुत ही बड़ा घाटा था, इसलिए सरकार ने अपने किए दूसरे वादे पूरे किये तथा शराबबंदी के वादे को बाद में पूरा करेंगे कहकर,टालती रही। सरकार इसे समिति रिपोर्ट तैयार कर रही है, समिति शराबबंदी वाले राज्यों का दौरा करेगी।समिति की रिपोर्ट आने के बाद सरकार शराबबंदी का फैसला करेगी, कहकर शराबबंदी का वादा पूरा करने से बचती रही। वह चार-साढ़े चार साल तक ही इस मामले को टाल सकती थी। उससे बाद टालना सरकार के लिए मुश्किल था, इसलिए सीएम भूपेश बघेल को इस बात का संकेत देना पड़ा कि राज्य में शराबबंदी नहीं हो सकती। वह सीधे तो कह नहीं सकते कि सरकार शराबबंदी का वादा पूरा नहीं कर सकती। इसलिए उन्होंने कहा है कि शराबबंदी सामाजिक जागरूकता के बाद करना ही उचित होगा। सीएम भूपेश बघेल जानते हैं कि अगर वह पिछले चुनाव में किया शराबबंदी का वादा पूरा नहीं करते हैं तो उन्हें राजनीतिक तौर पर नुकसान होगा क्योंकि भाजपा इसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाएगी। सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाएगी। शराबबंदी से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए भूपेश सरकार ने कई तरह की दूसरी योजनाएं बनाई हैं तथा लोगों को रोजगार देकर, उनकी आय बढ़ाकर, उनके पैसे बचाकर यह बताने की कोशिश की है कि यह सरकार वह सब कर सकती है जो जनता चाहती है। फिर भी शराबबंदी नहीं करने से सरकार को कुछ तो नुकसान होगा, इसलिए भूपेश बघेल यह कहेंगे ही नहीं कि वह शराबबंदी का वादा पूरा नहीं कर सकते। वह कहेंगे कि सरकार शराबबंदी करेगी। उसके लिए लोगों को पहले जागरूक करना होगा। लोग जागरूक हो जाएंगे तो एक दिन वह खुद ही शराब पीना कम कर देंगे, बंद कर देंगे, कोई नशा नहीं करेंगे। तब सरकार के लिए शराबबंदी करना उचित होगा।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन पिछले कुछ दिनों से बेहतर रहेगा। आराम करने के लिए प्रयाप्त समय मिलेगा। रुके हुए कार्य पूर्ण होने से भी धन लाभ होगा। सामाजिक गतिविधियों में पूरा समय दे सकेंगे। संध्या का समय मनोरंजन वाला रहेगा। उत्तम भोजन के साथ गृहस्थ का सुख मिलेगा। सन्तानों पर खर्च करना पड़ सकता है।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु , वे, वो)**-आज का दिन मिश्रित फल देगा पूर्वार्ध में सेहत थोड़ी नरम रह सकती है जिसके कारण आलस्य भी रहेगा। काम बेमन से करने पड़ेंगे व्यवहार में भी रुखापन रहने से संबंधो में खटास रहेगी। धीरे धीरे स्थिति में सुधार होगा कार्य स्थल पर महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से व्यस्तता बढ़ेगी। अधिकारी वर्ग आज आप पर ज्यादा भरोसा दिखाएँगे।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आज भी दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत होगा। थोड़ी आर्थिक परेशानियां रह सकती है परंतु मानसिक रूप से दृढ़ रहेंगे। जिस भी कार्य को करने की ठानेंगे उसे हानि-लाभ की परवाह किये बिना पूर्ण करके छोड़ेंगे। कार्य क्षेत्र पर अन्य व्यक्ति अथवा भगीदारो की दखलंदाजी से थोड़ी परेशानी एवं बहस हो सकती है।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज दिन के आरम्भ में बनते कार्यो में रुकावट आने से अधिक भाग-दौड़ करनी पड़ेगी। मध्यान तक थोड़े बहुत कार्य सफल होने से धन की आमद होगी परन्तु खर्च भी अधिक रहने से बचत नहीं कर पाएंगे। दोपहर के बाद से घर एवं बाहर सहयोगी वातावरण बनने से कार्यो में सरलता रहेगी।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज के दिन आप व्यापारिक गतिविधियों की व्यस्तता के चलते परिवार के लिए ज्यादा समय नहीं निकाल पाएंगे। वाणी एवं व्यवहार के बल पर कार्यो में थोड़े परिश्रम से अधिक सफलता मिल सकेगी। मनोबल भी आज बढ़ा हुआ रहेगा। परंतु आज आपको कोई ना कोई कमी भी अनुभव होगी।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज आप अधिक लापरवाह रहने के कारण हानि उठा सकते है। प्रातः काल से ही यात्रा पर्यटन की योजना बनेगी परन्तु इसमें व्यवधान भी आएंगे। कार्य क्षेत्र पर अल्प लाभ से संतोष करना पड़ेगा। नौकरों के ऊपर ज्यादा विश्वास हानि का कारण बन सकता है। वाणी में कठोरता रहने से घर में कलह रहेगी।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-व्यवसाय के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास आज फलीभूत होने से आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा। बेरोजगार व्यक्तियों को भी रोजगार मिलने की सम्भावना अधिक है। आपसे वाद-विवाद में कोई नहीं जीत पायेगा। बड़बोलेपन के कारण महिलाओं से मतभेद हो सकते है। दिन के उत्तरार्ध में कार्य भार बढ़ने से कमर अथवा अन्य अंगों में दर्द की शिकायत रहेगी।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज का दिन आपको सुख शांति प्रदान करेगा। कुछ दिनों से चल रही मानसिक खींच तान कम होने से राहत अनुभव होगी। कार्य क्षेत्र पर केवल धन लाभ पाने के उद्देश्य से कार्य ना करे व्यवहार में कुशलता एवं मिठास रखने से अप्राप्त लक्ष्मी भी प्राप्त कर सकते है। पारिवारिक जीवन में आनंद रहेगा। मित्र रिश्तेदारो से घर में चहल पहल बनेगी कही घूमने की योजना बन सकती है।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज के दिन आप कार्य क्षेत्र से कुछ समय निकालकर मित्र परिवार के साथ मनोरंजन में व्यतीत करेंगे परन्तु आज गलतफहमियों से दूर रहना अति आवश्यक है व्यर्थ के टकराव होने की संभावना है। परोपकार का शुभ फल भी मिलने से प्रसन्नता भी रहेगी। कार्य क्षेत्र पर कम समय देने के बाद भी संतोषजनक धन लाभ हो जाएगा। दाम्पत्य जीवन पहले से बेहतर रहेगा। सन्तानो की प्रगति की सूचना मिलेगी।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज के दिन आप भावनाओ में बहकर अनुचित कदम उठा सकते है। लोगो के बहकावे में ना आये अन्यथा मान हानि कोर्ट-कचहरी की नौबत आ सकती है। प्रेम प्रसंगों से आज दूरी बनाना ही बेहतर रहेगा। आलसी प्रवृति का लाभ प्रतिस्पर्धी उठा सकते है सावधान रहें। धन लाभ के लिये आज विशेष परिश्रम करना पड़ेगा फिर भी संतोष जनक लाभ हो जाएगा।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज का दिन मिला-जुला रहेगा। सेहत लगभग सामान्य रहेगी। आज किसी अनुबंध के आगे रुकने से धन लाभ की कामना अधूरी रहेगी। व्यवसाय के ऊपर अधिक ध्यान देने के बाद भी कार्य विलम्ब से पूर्ण होंगे लाभ के कई अवसर मिलेंगे परन्तु धनागम के लिए थोड़ी प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। अधिकारी वर्ग भी गर्म हो सकते है।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आज के दिन ग्रह स्थिति में थोड़ा बदलाव आने से आपको घरेलु मामलो में सफलता मिलेगी। परन्तु आज कार्य क्षेत्र पर अन्य व्यक्ति आपकी कमजोरी का फायदा उठा सकता है। आज किसी के आगे समर्पण कर सकते है इसका फल शुभ ही रहेगा। बाहरी स्थान के कार्यो में सफलता की संभावना ज्यादा रहेगी। नए अनुबंध भी मिल सकते है। पत्नी अथवा किसी अन्य महिला के भाग्य से लाभ होगा। अविवाहितो कि लिए नए रिश्ते आएंगे। मानसिक रूप से संतोषी रहेंगे।

# ऐसे हालात में कैसे बचेगी बेटी, कैसे पढ़ेगी बेटी?

### बेटी बचाओ

**मनोज कुमार अग्रवाल**



मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के बेटी बचाओ बेटी पढाओ नारे को नाकारा पुलिस और असामाजिक तत्वों ने मिलकर मटियामेट कर दिया है। यूपी के मुरादाबाद जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर अलीगढ़ रूट पर कुंदरकी थाना है। यहां से करीब 4 किलोमीटर दूर एक गांव है इस गांव की एक नाबालिग लड़की ने हाल ही में शोहदों की छेड़छाड़ और पुलिस से शिकायत के बाद भी कोई संरक्षण नहीं मिलने पर जहर खा कर अपनी जान दे दी।एक बेटी के जीवन के साथ ही उस के परिवार के सपनों की भी मौत हो गई।

मुरादाबाद जनपद के कुंदरकी थाना क्षेत्र में दबंग व संपन्न बदमाशों की गुंडागर्दी के चलते इस इंटरमीडिएट की होनहार छात्रा पर जो बीती उसने कानून व्यवस्था के अलंबरदारों के दावों पर भी सवालिया निशान लगा दिया है। बायोलॉजी से इंटर की परीक्षा पास कर डाक्टर बनने का सपना देख रही इस लड़की ने सल्फास खा कर सुसाइड कर लिया इस लड़की ने जो सुसाइड नोट लिखा है उसे पढ़ कर पत्थरदिल इंसान का भी दिल दहल जाएगा। छात्रा ने दो पेज के सुसाइड नोट में जिन हालातों का जिक्र किया है उनसे यूपी पुलिस की महिलाओं के प्रति उपेक्षा भरी कार्यप्रणाली से परदा उठ गया है। पहले मृतका के सुसाइड नोट का हवाला लें-÷मेरी मौत के जिम्मेदार हरज्ञान और कमल सिंह हैं। मैंने सबके सामने हाथ-पैर जोड़े, लेकिन हम गरीब लोगों कि किसी ने भी नहीं सुनी। यह लोग पैसे देकर मना कर देते हैं। हमने प्रार्थना पत्र भी दिया था। मगर, कुछ भी नहीं हुआ। यह हम पर हंसते हैं, इसलिए मजबूर होकर मुझे यह कदम उठाना पड़ रहा है। अब मैं चाहती हूं कि मेरे जीते जी इन्हें सजा नहीं मिली, लेकिन मेरे मरने के बाद मिलनी चाहिए।

इन्होंने हमारी मजबूरी का फायदा उठाकर हमें फंसाया है। इन्होंने मेरे बारे में पता नहीं क्या-क्या बना रखा है। रही लेटर की बात तो काजल नाम की लड़की मेरी बहुत पक्की दोस्त थी। मेरे पास आकर बैठकर पता नहीं क्या लिखवाती थी? मैं लिख देती थी। और उसने लिखवाकर विकेश नाम के लड़के को दे दिए थे। हमें पता है कि हमारे माता-पिता ने हमें कैसे दुख-मुसीबतों से पढ़ाया है। इन लोगों ने मेरा सपना भी पूरा नहीं होने दिया।इन लोगों ने हमें जीते जी मार डाला। यह अमीर लोग हैं। इनका सामना करने की हिम्मत अब मेरे अंदर और नहीं रही। लेकिन,मेरे घरवालों पर कोई आंच नहीं आनी चाहिए। इसलिए सर अब तो सुनोगे। मेरे मरने के बाद इन्हें सजा देना कि गरीब की लड़कियां जी सके और अपना सपना पूरा कर सके। यह इन लोगों ने मिलकर करा है।विकेश नाम के लड़के की वजह से यह सब हुआ है। विकेश, प्रमोद, बबलू और हरज्ञान ने मुझे मारने की कोशिश की थी। जब मैं स्कूल जा रही थी। तब तो मैंने स्कूल जाना छोड़ दिया था। कहा कि अगर तूने घर कुछ भी बताया, तो तेरे घरवालों को भी मार देंगे। इसलिए, मैंने वैसा ही किया। यह लोग अपने छत पर चढ़कर चाकू दिखाते थे और जब मेरे घरवालों को पता चला, तो उन्होंने प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन, किसी ने भी कुछ नहीं किया। जाहिर है कि इस सुसाइड नोट में पता चलता है कि एक संपन्न और दबंग परिवार के युवक ने एक लड़की को प्यार का नाटक कर उसके मकान के पड़ोस में स्थित बिना छत के स्नानघर के अपनी ऊंची हवेली से नहाती लड़की के फोटो खींच कर विडियो वायरल कर उसे ब्लेक मेल किया इस धतकरम में तीन असामाजिक तत्व भी शामिल हो गए और लड़की के साथ मनमानी पर उतर आए आरोप है कि होली के दिन लड़की के साथ रेप की कोशिश की गई। लड़की की बेबसी और दबंगों द्वारा उसे परेशान करने छेड़छाड़ करने की वारदात से लडकी का गरीब परिवार और लड़की जैसे तैसे हिम्मत जुटा कर थाने पहुंचे तो पुलिस ने सुनवाई नहीं की ईजजत की खातिर बड़े अधिकारियों से भी शिकायत की कार्रवाई तो नहीं हुई पूरे गाँव में लड़की की चर्चा बन गयी आखिर एक सतरह साल की लड़की इतना कैसे झेल पाती वह हालात के सामने टूट गई और अपनी जान दे गयी। मरने से पहले लड़की ने सुसाइड नोट लिखा इस में लड़की ने मरने के बाद भी न्याय पाने की उम्मीद जताई है ताकि भविष्य में उस के जैसा संत्रास किसी दूसरी लड़की को न भोगना पड़े। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 17 साल की बच्ची 12वीं में पढ़ाई करती थी। घर से करीब 3 किलोमीटर दूर स्कूल था। उस रास्ते पर करीब 1 किलोमीटर ऐसा रास्ता था जो सुनसान था। एक तरफ अमरूद की बाग तो दूसरी तरफ गन्ने के खेत थे। बच्ची उसी रास्ते से अपने स्कूल जाती थी। उसे डॉक्टर बनना था इसलिए इंटरमीडिएट में उसने बायो स्ट्रीम चुनी और हर विषय की नोट्स बेहतरीन हैंडराइटिंग के साथ तैयार करती थी। कॉलेज समय से जाती और सीधे घर आती थी।बच्ची के घर के ठीक सामने करीब 30 मीटर दूर विकेश का घर है। विकेश ने 10वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। गांव में ही घूमता रहता। उसकी नजर इस बच्ची पर थी। करीब 3 महीने पहले वह बच्ची के स्कूल जाने और आने पर रास्ते में ही खड़ा मिलता। वह घर आती तो यहां भी उसे ही देखता। विकेश के इस काम में उसकी मदद गांव के ही हरज्ञान, इमरत और कमल करते थे। इन तीनों की शादी हो चुकी थी। तीनों के ही बच्चे हैं।यह लड़की के घर का बाथरूम है। बाथरूम पहले ऊपर से खुला था पर अब उसपर चटाई डाल दी गई है।। काश इतना बहादुरी पहले दिखाई होती तो नजारा दूसरा होता। मृतका बेटी के पिता बयान करते हैं कि हमने उन लोगों से अपनी बच्ची के लिए हाथ जोड़े। ऐसा न करने की बात कही। हमने उस वक्त कहीं कोई शिकायत नहीं की। लेकिन ये लोग परेशान करते रहे। मेरी बड़ी बेटी को गाली देते। छोटी को परेशान करते। मेरे दामाद और भाई कुछ कहते तो उन्हें भी गालियां दी जाती। मेरा भाई और दामाद बेटी को लेकर थाने गए लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं हुई। बहरहाल यह वारदात यूपी में लड़कियों महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा के दावों की पोल भी खोलती है। इस मामले में पीड़िता को समय रहते उसकी फरियाद पर कार्यवाही नहीं करने वाले थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया लेकिन क्या एक होनहार बेटी के जीवन को वापस लाया जा सकता है? अब कोई भी कार्यवाही महज एक खानापूर्ति है। यूपी सरकार को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए कि भविष्य में कोई यूपी की बेटी मवाली दरिंदों की करतूतों की कीमत अपनी जान देकर चुकाने के लिए मजबूर न हो।

# ऊंटों के संवर्द्धन, संरक्षण की दिशा में नायाब कदम

### अच्छी पहल

**सुनील कुमार महला**



राजस्थान का राज्य पक्षी 'ग्रेट इंडियन बस्टर्ड' यानी कि गोडावण है। इस विशाल व राजस्थान के राज्य पक्षी को बचाने के लिए राजस्थान सरकार ने वर्ष 2013 जून में गोडावण संरक्षण के लिए 12 करोड़ 90 लाख रूपये का जीआईबीपी (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड प्रोजेक्ट) शुरू किया था और इस प्रोजेक्ट का ध्येय वाक्य था 'मेरी उड़ान न रोकें।' अब गोडावण के साथ ही रेगिस्तान का जहाज कहलाने वाला राज्य का प्रमुख पशु ऊंट जिसे डोमेस्टिक एनिमल के रूप में संरक्षित श्रेणी में रखा गया है, पर लगातार खतरा मंडरा रहा है। कुल मिलाकर राजस्थान के हरेक गांव-खेतों में पाये जाने ये पशु आज गोडावण की राह पर चलता प्रतीत होता है और इनकी संख्या में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। यदि राज्य के इस प्रमुख पशु(रेगिस्तान के जहाज ऊंट) के संरक्षण की ओर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो हो सकता है कि यह विशालकाय पशु(ऊंट) डायनोसोर(विशालकाय जीव) और मॉरीशस के डोडो(पक्षी) की तरह हमारी आने वाली पीढ़ियां इसे इंटरनेट, किताबों व कल्पनाओं में ही देख,सोच पाएगी। आंकड़े बताते हैं कि जैसलमेर सहित आज प्रदेशभर में ऊंटों की संख्या घटी है। जानकारी देना चाहूंगा कि राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर जैसे रेगिस्तानी जिलों में सबसे ज्यादा ऊँट पाए जाते हैं जबकि, इनकी सबसे कम संख्या राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में है। बीकानेर के जोहारबीड़ में सेंट्रल कैमल ब्रीडिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट स्थित है। ऊंट रेगिस्तानी इको सिस्टम का एक महत्वपूर्ण घटक है। इसकी अनूठी जैव-भौतिकीय विशेषताएं होने के कारण ही यह शुष्क, अर्द्ध शुष्क और अति शुष्क क्षेत्रों की विषमताओं के बीच भी जीवन का अनुकूलन कर लेता है।आंकड़े बताते हैं कि भारत के समस्त ऊंटों (2.5 लाख) का 85.2 प्रतिशत भाग राजस्थान में पाया जाता है तथा राजस्थान की कुल पशु-सम्पदा में ऊँटों की संख्या 0.36 प्रतिशत है। जानकारी देना चाहूंगा कि राजस्थान सरकार ने 30 जून 2014 को ऊँट को इनकी घटती संख्या को देखते हुए राजस्थान के राज्य पशु का दर्जा दिया था, जिसकी घोषणा 19 सितम्बर 2014 को बीकानेर में की गई थी। वैसे तो राजस्थान का राज्य पशु चिंकारा है, लेकिन ऊंट को भी विशेष स्थान दिया गया है। यदि हम ऊंटों की प्रमुख नस्लों की बात करें तो इनमें क्रमशः गोमठ ऊँट, नाचना ऊँट, जैसलमेरी ऊँट, अलवरी ऊँट, सिंधी ऊँट, कच्छी ऊँट और बीकानेरी ऊँट को शामिल किया जा सकता है।राजस्थान के लोकदेवता पाबूजी को 'ऊंटो का देवता' भी कहते है और ऊंट के बीमार होने पर पाबूजी की पूजा की जाती है। राजस्थान के बहुत से गांवों में पाबूजी के थान(मंदिर) देखने को मिलते हैं। वैसे तो राजस्थान के हरेक गांवों में ऊंट देखने को मिल जाते हैं लेकिन आजकल चारे के अभाव, पहले की तुलना में गांवों में आजकल जगह की कमी(आधुनिकता के कारण), गांवों का शनैः शनैः शहर में तब्दील होना,पानी की कमी, चरागाहों का अभाव, खेती में आधुनिक तकनीक के साथ ट्रैक्टर, थ्रेसर, मशीनों का अधिकाधिक प्रयोग आदि के कारण ऊंट पालने की ओर ग्रामीणों का रूझान निरंतर कम हो रहा है। वैसे, राजस्थान में ऊँट पालने के लिए रेबारी और देबासी जाति प्रसिद्ध है। लेकिन पहले ऊंट हरेक गांव-घरों, खेत-खलिहान में दिखते थे, आजकल धीरे धीरे कम हो गये हैं। ऊंट खेजड़ी के पत्ते(जिसे स्थानीय भाषा में लूंग कहा जाता है) व पाला( झाड़ी/बेर के पत्ते) बड़े चाव से खाता है लेकिन आजकल खेतों में खेजड़ी के वृक्ष सूख रहे हैं, उनमें कीड़ा लग रहा है, खेतों में पहले की तुलना में झाड़ियां भी कम हो गई हैं, फलस्वरूप चारे की कमी हो गई है, इसलिए भी कहीं न कहीं ऊंटों पर संकट आया है।शहरों में तो वैसे भी चारे की दिक्कत है और ऊंटों को रखने के लिए खुला बड़ा स्थान, पानी वगैरह भी पर्याप्त चाहिए होता है, जिसके लिए बहुत सी परेशानियों, दिक्कतों का सामना पशुपालकों को करना पड़ता है। बीते कुछ सालों में अवैध शिकार, बीमारी और उपयोगिता में कमी आने के कारण इनकी संख्या लगातार कम हो रही है।पहले गांवों में चारागाह और गोचर होते थे, आज इन पर अतिक्रमण का साया है। कृषि विभाग के मुताबिक पूरे राज्य में कुल 17 लाख हेक्टयर चारागाह भूमि बची है। आज ऊंटों को दूसरे राज्य में ले जाने पर भी कई तरह की पाबंदियां लगी हैं। 2015 में राजस्थान ऊंट वध का प्रतिषेध व निर्यात का विनियमन कानून बनने के बाद उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, पंजाब से आने वाले खरीददार हर साल कम हो रहे हैं। यह भी ऊंट पालकों के समक्ष कहीं न कहीं एक समस्या भी है, क्यों कि ऊंटों को आसानी से एक राज्य से दूसरे राज्यों में बिक्री के लिए लाने-ले जाने में अनेक प्रकार की दिक्कतें आ रही हैं।ऊंटों की तस्करी, बाहर ले जाने पर रोक और उपयोगिता में कमी आने कारण प्रदेश में ऊंटों के अस्तित्व पर संकट आ गया है। 2012 पशुगणना के मुताबिक राज्य में 3.26 लाख ऊंट थे। 2017 की पशु गणना के अनुसार इनकी संख्या 2.13 लाख ही रह गई है। हालांकि ऊंट पालक इस संख्या को 1.5 लाख तक ही मानते हैं। बीसवीं पशुगणना के अनुसार देश में 2,51,956 हैं, जबकि साल 2012 में हुई 19वीं पशुगणना के अनुसार 4,00,274 ऊंट थे। वहीं राजस्थान में साल 2012 में हुई 19वीं पशुगणना के अनुसार 3, 25, 713 ऊंट थे, जो साल 2019 हुई बीसवीं पशुगणना में घटकर 2,12,739 ही रह गए हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि ऊंटों की संख्या और प्रजनन को बढ़ावा देने के लिए साल 2016 में उष्ट्र विकास योजना शुरु की गई थी। इस योजना के तहत ऊंट पालकों को ऊंटनी के ब्याने पर ऊंटनी के बच्चों के रख-रखाव के लिए तीन किश्तों में 10 हजार रुपए सरकार की ओर से दिए जाते हैं। योजना पर चार साल में 3.13 करोड़ रुपए खर्च होने थे। टोडरिया (ऊंट के बच्चे) के पैदा होने पर तीन हजार, नौ महीने का होने पर तीन हजार और फिर 18 माह की उम्र होने पर चार हजार रुपए देय होते हैं। केंद्र सरकार द्वारा जारी राष्ट्रीय कृषि विकास योजना का पैसा 3 साल के लिए उष्ट्र विकास योजना में दिया जा रहा था, उसे बंद कर दिया गया है, लेकिन बहुत अच्छी बात है कि

इन दिनों राजस्थान एक बार पुनः ऊंट संरक्षण में सिरमौर बन रहा है। ऊंट के बच्चों को टोल्डिया अथवा टोडिया कहा जाता है और बहुत अच्छी बात है कि यहां टोडिये यानी कि छोटा ऊंट पालने पर पांच-पांच हजार सीधे खाते में ट्रांसफर किए जा रहे हैं। ऊंट पालने पर(ऊंट संरक्षण पर) सरकार ऊंट पालकों को प्रोत्साहन दे रही है, निश्चित ही यह बहुत ही काबिलेतारीफ कदम है, इससे ऊंटों का संरक्षण हो सकेगा। आज ऊंट संरक्षण के क्रम में 5-5 हजार की राशि सीधे खाते में आ रही है और आंकड़ें बताते हैं कि श्रीगंगानगर हनुमानगढ़ के कुल 975 और पूरे राजस्थान में 17000 ऊंट पालक कतार में लगे है। जानकारी देना चाहूंगा कि राज्य पशु ऊंट के संवर्धन व संरक्षण की दिशा में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने ÷उष्ट्र संरक्षण योजना÷ की घोषणा वर्ष 2022-23 के बजट में की थी। ऊंट संरक्षण एवं विकास नीति लागू करने के लिए 10 करोड़ रूपए के प्रावधान किया गया था, ऊंटों के संरक्षण की दिशा में यह मुख्यमंत्री जी का एक काबिलेतारीफ कदम कहा जा सकता है। उष्ट्र संरक्षण योजना के अंतर्गत, टोडियों के जन्म के अवसर पर पशु चिकित्सक द्वारा मादा ऊंट एवं बच्चे के टैग लगाकर पहचान पत्र देने के बाद ऊंट पालक को 5 हजार रुपए, प्रत्येक पहचान पत्र के लिए पशु चिकित्सक को 50 रुपए का मानदेय तथा ऊंट के बच्चे के एक वर्ष पूर्ण होने पर द्वितीय किश्त के रूप में 5 हजार रुपए का प्रावधान किया गया है। दोनों किश्तों की राशि ऊंट पालक के बैंक खाते में डाली जाएगी। निश्चित ही मुख्यमंत्री श्री गहलोत के इस निर्णय से ऊंट पालकों को आर्थिक संबल के साथ प्रोत्साहन मिल सकेगा। इसी पहल ने ऊंट संरक्षण में राजस्थान को सिरमौर बना दिया है। राज्य पशु ऊंट के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संवेदनशील राज्य सरकार के द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में उष्ट्र संरक्षण योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत ऊंट पालकों को सीधे ही उनके खाते में पांच-पांच हजार रुपए की राशि हस्तांतरित की जा रही है। योजना का उद्देश्य न केवल रेगिस्तान का जहाज ऊँट का संरक्षण करना है बल्कि ऊंट प्रजनन को प्रोत्साहित करना भी है। इस योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो रहे है। साथ ही योजना अंतर्गत चयनित ऊंट पालकों के खाते में सीधे ही राशि हस्तांतरित की जा रही है। यह बहुत ही सराहनीय व काबिलेतारीफ कदम है कि आज समय समय पर ऊंटों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए टीकाकरण कर राजस्थान के विभिन्न ऊंटपालकों को उन्नत ऊँट पालन के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी बीच यहाँ यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि एक प्रकार से ऊंट हमारे रेगिस्तान की विरासत ही है, क्यों कि ऊंट एक तो सदा सदा से हमारे किसानों का सच्चा साथी रहा है, दूसरी तरफ इस पर की जाने वाली उस्ता कला अपने आप में बहुत ही महत्वपूर्ण है। बताना चाहूंगा कि ऊँट की खाल पर की जाने वाली कलाकारी को उस्ता कला(ऊंट की खाल पर की जाने वाली स्वर्ण मीनाकारी और मुनव्वत) तथा ऊंट की खाल से बनाये जाने वाले ठण्डे पानी के जलपात्रों को कॉपी कहा जाता है। ऊंटनी के दूध में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है। बीकानेर में स्थित उरमूल डेयरी भारत की एकमात्र ऊँटनी के दूध की डेयरी है।गोरबंद राजस्थान का ऊँट श्रंगार का गीत है। आज ऊंटों के लिए भी प्रदेश में अभ्यारण्य खोलने की जरूरत है, ताकि हम ऊंटों के संरक्षण को और अधिक प्रोत्साहित कर सकें।राजस्थान में पिछले कुछ वर्षो में ऊंटों की संख्या में तेजी से कमी आयी है, कोविड-19 महामारी के दौरान् लॉकडाउन के दौरान मेंज(त्वचा संबंधी बीमारी) नाम की बीमारी ने ऊंट पालकों की परेशानी बढ़ाई। ऊंटों में सार्कोप्टिक मेंज, खाज(खुजली) या पांव नाम की ये बीमारी सार्कोपट्स स्केबेई वर कैमेली नामक एक माइट से होती है, जो मक्खियों से फैलती है। जानकारी देता चलूं कि यह बीमारी रोगी ऊंटों से स्वस्थ ऊंटों में बहुत तेज़ी से फैलती है। यह रोग ऊंट के पेट, पूंछ, जांघ जैसे हिस्सों को ज्यादा प्रभावित करता है। मेंज(खुजली, पांव) से शरीर के इन हिस्सों के बाल झड़ जाते हैं और चमड़ी काली पड़ कर सूख जाती है। खुजली से ऊंट अपने शरीर को दीवार या पेड़ पर रगड़ता है, जिससे शरीर पर घाव बन जाते हैं। वैसे ऊंटों में विषाणु(माता रोग,चेचक, रेबीज, कंटेजियस एक्थाइमा), जीवाणु(प्लीहा रोग, गिल्टी रोग), गलघोंटू) , परजीवी(सर्रा) जनित रोगों के अलावा पोषक तत्वों की कमी से तथा अन्य बीमारियां भी होती हैं जो ऊंटों में कमी का कारण बनतीं हैं। कैमल फ्लू भी ऊंटों में होने वाली बीमारी, रोग है। बहरहाल, यदि हम पहले के जमाने की बात करें तो राजस्थान के हरेक गांव, खेतों में पहले ऊंट देखने को मिल जाते थे और ऊंट पश्चिमी राजस्थान के जीवन की तो धुरी हुआ करता था, लेकिन बीते 20-25 सालों में यहां भी यातायात के साधन लगातार बढ़े हैं। इसीलिए परिवहन में इनका उपयोग कम हुआ है। खेती में नए साधनों, तकनीक और मशीनों के कारण इनकी उपयोगिता लगातार कम हुई है। ऊंटों को चरने के लिए जमीन(चरागाह, गोचर भूमि) भी अब नहीं बची है। आम आदमी इन्हें वन को उजाड़ने वाला पशु मानता है जबकि ऊंट हमेशा हरी पत्तियों पर एक बार ही मुंह मारता है और आगे बढ़ जाता है। वन भूमि का विकास हो और उनमें एक भाग विशेष में यदि ऊंटों को चरने की छूट हो तो इस राज्य पशु का बेहतरीन संरक्षण संभव हो सकता है। पिछले एकाध दशक में ऊंटों की संख्या में करीब 35 फीसदी की कमी आई है, जो 3.26 लाख से घटकर 2 लाख से भी कम हो गई है। 20वीं पशुधन गणना के बाद ये नए आंकड़े सामने आए हैं। आज बढ़ती आबादी के बीच, आधुनिकता के बीच ऊंटों की संख्या कम होने का सबसे बड़ा कारण इसका परिवहन व खेती में उपयोग नहीं होना है। पर्यटन के क्षेत्र में भी आज ऊंटों का कोई विशेष उपयोग नहीं हो पा रहा है। जैसलमेर के अलावा पश्चिमी राजस्थान में शायद ही कहीं ऊंट का उपयोग पर्यटन में हो रहा हैं जबकि विदेशी सैलानी कैमल सफारी पसन्द करते हैं। इस प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत है, ताकि लोगों का ऊंट पालन के प्रति रूझान बढ़े। आज वैज्ञानिक ऊंटनी के दूध का वैज्ञानिक उपयोग करने पर जोर दे रहे हैं ताकि इनके संरक्षण के लिए पशुपालक आगे आ सके। बिना लाभ के पशुपालक ऊंट को पाल नहीं पा रहे। उष्ट्र दुग्ध उधोग को प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत है, क्यों कि इसका दूध बहुत ही गाढ़ा व पौष्टिक होता है। आज पश्चिमी राजस्थान में आने वाले पर्यटक मिट्टी के धोरे(मिट्टी के टीले) और ऊंट देखने के लिए ही आता है। पिछले वर्षो में केमल सफारी के प्रति क्रेज बढ़ा है लेकिन ऊंट पालकों को किसी तरह की कोई सहायता नहीं मिलने से वो इन्हें छोड़ रहे हैं। ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि ऐसे ऊंट पालकों के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं बनाई जानी चाहिए और उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# मुख्यमंत्री की पहल पर छत्तीसगढ़ के युवा किसान कर रहे हैं खेती में नवाचार

### विशेष लेख

**मनोज सिंह, सहायक संचालक**

छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। कुछ समय पहले तक छत्तीसगढ़ के किसान धान की फसल के अलावा दूसरी फसलों के बारे में सोचते भी नहीं थे। लेकिन मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा किसानों के लिए शुरू की गयी जनहितकारी योजनाओं के चलते किसान अब नवाचार कर रहे हैं। धान के बदले दूसरी फसलें लेने के लिए शासन द्वारा शुरू की गयी योजना का लाभ लेकर किसान छत्तीसगढ़ जैसे गर्म प्रदेश में सेव की खेती कर रहे हैं।

सेव की खेती ठंडे प्रदेशों में हो सकती है,इस मिथ्या को तोड़ने की कोशिश प्रतापपुर के एक युवा कृषक ने की है। मुकेश गर्ग नाम के कृषक ने सूरजपुर जिले के प्रतापपुर जैसी गर्म जगह में अलग-अलग किस्म के सेव के सौ से ज्यादा पौधे लगाए हैं और कुछ में तो फल भी आने शुरू हो गए हैं।कुछ हसों में ये पूरी तरह से तैयार होकर खाने लायक हो जायंगे। कहा जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में कहीं भी सेव की खेती हो सकती है और ये किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती



है। आमतौर पर सेव का फल हिमाचल प्रदेश,जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड जैसे कम तापमान वाले राज्यों में होते हैं क्योंकि वहां का मौसम सेव की खेती के लिए अनुकूल है। छत्तीसगढ़ का मौसम गर्म है उन्हें सेव के अनुकूल नहीं माना जाता और इसकी खेती सपने जैसी है।लेकिन अब गर्म स्थानों में भी सेव की खेती हो सकती है।

**कृषि एवं उद्यानिकी विभाग से मिली फसल के रखरखाव की जानकारी**-मुकेश गर्ग से मिली जानकारी के अनुसार खेती से उनका जुड़ाव शुरू से है,वे हमेशा कुछ अलग करने का प्रयास करते हैं। इस बीच उन्हें जानकारी मिली कि हिमाचल प्रदेश में सेव की ऐसी किस्म विकसित हुई है जो गर्म प्रदेशों में भी उग सकते हैं । मुकेश ने इसके लिए कृषि एवं उद्यानिकी विभाग से सम्पर्क किया और प्रतापपुर में सेव की नई किस्म के पौधे लगाए। उन्होंने इनके रोपण और रखवाली को लेकर उनसे और तरीके समझे तथा पौधे ऑर्डर किये इनका रोपण कराया। एक वर्ष की अवधि में ये पौधे चार से छह फीट के हो चुके हैं,कई में फल भी आ चुके हैं। पौधों की रखवाली और रोपण में तरीकों को लेकर उन्होंने बताया कि इसका मुख्य समय नवम्बर से फरवरी के बीच होता है।इसके लिए उन्होंने पहले से ही दो बाय दो फीट गड्ढे तैयार करके रखे थे और गड्ढों को दीमक रोधी दवा(रीजेंट) से उपचारित किया गया था। गड्ढों में गोबर,मिट्टी और थोड़ा सा डीएपी डालकर पानी से भरकर रखे गए थे।इसका फायदा यह होता है कि गड्ढों को जितना बैठना होता है बैठ जाता है और पौधे लगने के बाद इनके रेशे टूटने का डर नहीं होता है। इसके बाद 1-2 दिन में पौधे रोपित कर दिए थे।इनके लिए ज्यादा पानी की आवश्यकता नहीं होती है केवल गर्मियों में दो से तीन दिन में पानी देना होता है। इस बात का ध्यान रखना होता है कि पौधों में बारिश के पानी का रुकाव नहीं हो क्योंकि जड़ों के सड़ने का डर होता है।

**सेव की इस किस्म के लिए 50 डिग्री तक का तापमान है अनुकूल**-मुकेश गर्ग बताते हैं कि आमतौर पर सेव की फसल ठंडे प्रदेशों में होती है लेकिन सेव की फसल 'हरमन 99' के लिए अधिकतम 50 डिग्री तक का तापमान अनुकूल है। हरमन के साथ 'अन्ना' और 'डोरसेट' किस्म भी यहां के तापमान के अनुकूल है।

## गर्मियों की शुरुआत से ही करने लगे संतरे का सेवन

गर्मियों की शुरुआत हो चुकी हैं जहां शरीर में पानी और पोषक तत्वों की कमी होने का डर हमेशा बना रहता हैं और इसकी वजह से बिमारियों को शरीर में प्रवेश करने का मौका मिल जाता हैं। ऐसे में गर्मियां आते ही शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पौष्टिक आहार के साथ ही जूस का सेवन करने की भी जरूरत पड़ती हैं। ऐसे में संतरे का सेवन आपकी सेहत बना सकता हैं। संतरा स्वादिष्ट होने के साथ शरीर के लिए भी काफी लाभदायक होता है। इसमें कई तरह के विटामिन, सोडियम, फाइबर, पोटैशियम, आयरन, मैग्निशियम और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो आपको दिनभर ऊर्जा दे सकते हैं। हम आपको यहां संतरे के सेवन से शरीर को मिलने वाले फायदों की जानकारी देने जा रहे हैं। आइये जानते हैं इसके बारे में... गर्मियों में गर्मी अधिक होने के कारण हमारे शरीर में पानी की कमी हो जाती है जिससे लू लगने जैसी कई समस्याएं हो जाती हैं। कभी-कभी सिर्फ पानी पीने से आपके शरीर को पर्याप्त हाइड्रेशन नहीं मिल पाता है। इसलिए हमें पानी से भरपूर भोजन करना चाहिए। एक संतरे में आधा गिलास पानी पाया जाता है।

एक नजर



## निर्माण कार्यों में देरी करने पर ठेकेदारों से वसूला जाएगा जुर्माना

**गरियाबंद, 11 अप्रैल।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, आरईएस, जल संसाधन, विद्युत विभाग, पीएमजीएसवाय, पीडब्ल्यूडी सेतु एवं एडीबी के अंतर्गत प्रगतिरत निर्माण कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने चल रहे निर्माण कार्यो की सप्ताहवार प्रगति रिपोर्ट की जानकारी लेकर समय-सीमा के हिसाब से कार्य पूर्णता की रिपोर्ट मांगी। कलेक्टर ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यो को विलंब न करते हुए गुणवत्तापूर्ण तरीके से तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही कार्य विलंब होने एवं समय-सीमा के अंदर पूर्ण नहीं होने की स्थिति में संबंधित ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री मलिक ने निर्माण कार्यो में विलंब करने वाले ठेकेदारों पर विलंब किये गये सप्ताह के हिसाब से जुर्माना भी लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने बजट में स्वीकृत विकास कार्यों एवं मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल निर्माण कार्यो की भी जानकारी ली। साथ ही कार्य को शुरू करने के लिए वित्त विभाग से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने प्रस्तावित कार्यो को तकनीकी स्वीकृति के लिए एक सप्ताह के भीतर वित्त विभाग में भेजने तथा स्वीकृत कार्यो के अविलंब टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश बैठक में मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। इस दौरान पीडब्ल्यूडी, सीएसईबी, डब्ल्यूआरडी, आरईएस, एडीबी एवं पीएमजीएसवाय सहित सभी निर्माण एजेंसियों के अधिकारीगण मौजूद रहे।कलेक्टर श्री मलिक ने निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक में जिले में बन रहे पुल-पुलियों, सड़क एवं भवन आदि की विभागवार जानकारी ली। उन्होंने आगामी वर्षाकाल के पहले अधिकतर कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। जिससे क्षेत्रवासियों को आने-जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही सुलभ आवागमन की सहुलियत हो। उन्होंने जिले के दूरस्थ वंनाचलों में स्वीकृत नये पुल कार्यो की भी जानकारी ली। साथ ही उनके टेंडर प्रक्रिया को भी जल्द ही शुरू करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न शासकीय भवनों के मरम्मत एवं निर्माण कार्यो के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर सभी कार्यों के टेंडर प्रक्रिया, वर्कआर्डर को अविलंब शुरू करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने नए राजिम मेला स्थल के समतलीकरण की भी जानकारी ली। उन्होंने मेला स्थल पर मुरम बिछाकर 30 अप्रैल तक की समय-सीमा के भीतर समतलीकरण करने के निर्देश दिये।

## बालक की मदद के लिये पिता लगा रहा है गुहार

**गरियाबंद, 11 अप्रैल।** गरियाबंद के मैनपुर निवासीरत 4 वर्षीय लक्ष्मीकांत को जन्म से ही आंखों की बीमारी के चलते उसका परिवार काफी परेशान है दरअसल इस बालक के आंख की पुतली क्षचारों ओर घूमती रहती है जिसके चलते उसे ठीक से दिखाई नहीं देता रायपुर में चिकित्सकों को दिखाने के बाद उच्च चिकित्सा की आवश्यकता बताई है किंतु दिहाड़ी मजदूरी करने वाला उसके पिता कामता नागेश उसका पूरी तरह से इलाज कराने में सक्षम नहीं है ऐसी स्थिति में समाजसेवियों की ओर उन्होंने आशा भरी निगाहों से देखते हुए अपने बच्चों का समुचित इलाज की गुहार लगाई है उसने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी अपील किया है कि उसके बच्चे का समुचित इलाज करा दिया जाए जिससे कि उसके बच्चे की जिंदगी खराब ना हो,कामता नागेश के 4 वर्षीय बालक लक्ष्मीकांत को जन्म से ही मोतियाबिंद रहा है। उसने बच्चे का ईलाज रायपुर के एक निजी हास्पिटल में करवाया था, किन्तु उसे अधिक सफलता नहीं मिली। बालक की आंखों की पुतलियां हमेशा गोल गोल घूमती रहती है।दरसल नेत्र विशेषज्ञों ने लक्ष्मी कान्त की दोनों आंखों में लेंस प्रत्यारोपण की जरूरत बताई है। किंतु दिहाड़ी मजदूरी करने वाला कामता इलाज का खर्च नहीं उठा पा रहा है। कामता प्रसाद ने अपने बच्चे के समुचित इलाज के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी गुहार लगाने की मंशा जाहिर की है।

## किसान परेशान

# धान की फसल में तनाछेदक का प्रकोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,11 अप्रैल।** फिंगेश्वर पहले खरीब फसल में तनाछेदक की मार झेलने के बाद अब पुनः रबि फसल में खरीब की भांति तनाछेदक का तबाही प्रकोप से अंचल के किसान सदमे में आ गए हैं प्रति एकड़ 50 से 70 प्रतिशत तनाछेदक ग्रीष्म कालीन धान पर हमला से किसानों को खेती बाड़ी करने। बैंकों से लिए गए कर्ज चुकाने की चिंता सता रही है।



### फसल में लगी बेतहाशा बीमारियों को दिखाते परेशान किसान

फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम सिर्रीखुर्द, तरीघाट, कुडेंल,खुटेरी, बिजली ,मडवाडिही क्षेत्र के गांवों में धान फसलें तनाछेदक सहित भूरा माहो जैसे बीमारी पर ब्रांड कंपनी के दवाईयां भी फेल हो गई है कोराजन, बाईफ्रेन थ्री, ऋटाप एसपी जैसे महंगे दवा बेअसर साबित हुई है किसानों ने सरकार को कोसते हुए कहा कि बाजार में नकली दवाइयां की वजह से किसान बर्बाद हो रहे हैं सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं नकली दवाइयां को रोकने शासन प्रशासन द्वारा कोई पहल नहीं होने के चलते नकली दवाइयां बनाने वाले कंपनियों की हौसला बुलंद हो गई है और केमिकल युक्त दवाइयां को ऊंचे दामों में बेच रहे हैं इधर किसान साहूकार से कर्जा लेकर खाद ,दवाई लेकर किसानी कर रहे हैं अभी स्थिति ऐसी है कि किसानी में लगाया गया लागत मिलना मुश्किल है किसानों की मांग केसीसी ऋण माफ करें नहीं तो आने वाले दिनों में छोटे किसानों की जमीन नहीं बचेगी

### कृषि विभाग किसानों की नहीं ले रहे सुध

किसान बीमारी के लक्षण बताकर खुद ही दुकान से दवा खरीद कर खेतों में छिड़क रहे हैं जबकि किसानों को किसानी से संबंधित जानकारी देने कृषि विभाग के माध्यम से कर्मचारी नियुक्त है अधिकांशतः दुकानदार अपने फायदे को देखते हुए 3 - 4 प्रकार से दवाईयां थमा रहे हैं फिर भी बिमारी नहीं कट रहे हैं बीच-बीच में बारिश व बदली से जहां धान की फसल को बहुत ही ज्यादा नुक्सान पहुंचा है, किसानों ने बताया इस बार मताई में ज्यादा समय लगने, खाद भी इस बार दो बार एस्ट्रा डाला गया है उपर से मंहगाई बताकर हाईफाई रेटो में बेचा जा रहा है फिर भी किसानों के द्वारा खरीदा जा रहा है इस बार अच्छी फसल पैदा होने की संभावना थी पर तनाछेदक जैसे खतरनाक बिमारी ने लगातार दूसरी बार किसानों के कमर तोड़ी है इस बार प्रत्येक एकड़ में दवाईयां का बिल 12000 से 14000 रुपए तक लागत पहुंच गया है दवा छिड़काव बीमारियों से परेशान किसानों को सलाह देने कृषि विभाग द्वारा कोई किसी प्रकार से पहल नहीं किया जा रहा है और न ही फिल्ड में पदस्थ कर्मचारी फिल्ड में जा रहे हैं फोन उठाने तक की समय नहीं ले रहे हैं

## हरवंश सिंग भीषण गर्मी में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर



**राजिम (पाण्डुका)।** जिले के अंदरूनी हिस्से में ऐसे कई लोग आपको देखने को मिल जायेंगे जिसे रोटी कपड़ा और मकान नसीब नही होता है खास कर जिले के तीन आदिवासी बहुल ब्लॉक में ऐसे बहुत से जरूरत मंद लोग है जिन तक शासन प्रशासन की जन कल्याणकारी योजनाएं नही पहुंच पा रही है। जिसमे से एक प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ। जरूरत मंद लोग को लाभ नही मिल पा रहा है आज भी ये योजना का हाल ऐसा ही है। जिनके पास पहले मकान है उनका सूची में नाम पहले है एक बार फिर बंदरबांट चालू हो गया है । ऐसा ही कई नजारा इस विकासखंड के ग्राम पंचायतो में आसानी से देखने को मिल जायेगा । ऐसा ही एक मामला छुरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पाठसिवनी में निवासरत गांव के एक गरीब 50 वर्षीय हरवंश सिग का देखने को मिला जो इन दिनों स्कूल के बाहर सड़क किनारे एक झोपड़ी बनाकर रह रहे है जो इस गर्मी में जिंदगी काट रहे है रास्ते से गुजर रहे समाज सेवी ने उनके इस विषम परिस्थिति को देखकर उनसे पूछने पर बताया कि डेढ़ माह पहले आग से उनकी झोपड़ी के साथ-साथ राशन कार्ड,आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड उनके कपड़े और सभी दैनिक जीवन में होने वाले उपयोगी समान जलकर राख हो गया. अब की स्थिति में गांव के नागरिक होने अपने आप को साबित करने के लिए कोई सबूत भी नहीं बचे हैं. ना ही वह किसी शासकीय योजना का लाभ ले पा रहे है आज के दौरान वे अपने दैनिक जीवन एक पेड़ के नीचे बिता रहा है. जैसे खाना बनाना व खाना खाना,वा सोना भी पेड़ की छाव में करते हैं। विडंबना लेकिन जिम्मेदार कर्मचारी अधिकारी वा कोई जनप्रतिनिधि उनकी सुध लेने भी नहीं पहुंचे। समाजसेवी मनोज पटेल व रेखराम ध्रुव ने ऐसे जरूरतमंदों मदद की अपील शासन प्रशासन से किए है।

# ट्रांसफार्मर क्षमता में वृद्धि से 21 गांव के 4 हजार से अधिक लोगों को मिलेगी राहत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 11 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत जिला गरियाबंद अंतर्गत 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कोचवाय में विद्यमान 3.15 एम.वी.ए पॉवर ट्रॉसफार्मर की क्षमता वृद्धि कर 5.0 एम.वी.ए पॉवर ट्रॉसफार्मर 05 अप्रैल 2023 को स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया है। जिससे कोचवाय उपकेन्द्र की क्षमता 8.15 एमव्हीए से बढ़कर 10.0 एमव्हीए हो गया है। उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति एवं निरंतर विद्युत सप्लाई प्रदान करने के लिए विद्युत कंपनी द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है। उक्त पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना से कोचवाय क्षेत्र के 21 ग्रामों के लगभग 4249 उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा। इससे पहले कोचवाय उपकेन्द्र के पावर ट्रांसफार्मर ओव्हरलोड होने से विद्युत व्यवधान अधिक हो रही थी और लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। जिसको ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विद्युत अद्योसरंचना विकास योजना के तहत पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि का कार्य पूर्ण किया गया। इससे क्षेत्र में वोल्टेज सुधार होने से नये कनेक्शनों जैसे व्यवसायिक, सिंचाई पंप कनेक्शन, राईस मिल व अन्य विद्युत कनेक्शन में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। साथ ही नये उपभोक्ताओं को नये कनेक्शन प्रदान करने मे आसानी होगी तथा बिजली से संबंधित शिकायतों में कमी आयेगी । इन क्षेत्र के गांवों में वोल्टेज सुधार होने से नये व्यवसायिक एवं औद्योगिक इकाईयों के खुलने की संभावना बढ़ेगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को रोजगार के नये अवसर भी उपलब्ध होंगे।

## ह्यस्वास्थ्य मिशन के विभिन्न पदों के लिए 5 सौ से अधिक आवेदन प्राप्त

**गरियाबंद, 11 अप्रैल।** स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत श्रम विभाग के पारिश्रमिक के तहत उम्मीदवारों से 06 मार्च से 13 मार्च 2023 तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से आवेदन मंगाए गए थे। जिसमें प्रयोगशाला तकनीशियन, तकनीकी सहायक-श्रवण बाधित बच्चे, डेंटल असिस्टेंट, अटेंडेंट, क्लिनर, जूनियर सेकेट्रियल असिस्टेंट एवं पीएडीए के रिक्त विभिन्न पदों के लिए कुल 501 आवेदन प्राप्त हुए है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि गरियाबंद जिले में अस्थाई तौर पर कलेक्टर दर पर कार्य के लिए समिति गठित करते हुए कलेक्टर दर पर रखे जाने वाले उम्मीदवारों की सूची गरियाबंद जिले के वेबसाईट में अपलोड कर दी गई है। इन प्रत्येक पद के लिए आवेदन किए गए उम्मीदवारों में प्रथम 10-10 उम्मीदवारों की सूची अपलोड की गई है।

इसके अलावा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है, जिसका अवलोकन कार्यालयीन समय पर किया जा सकता है।

# बैठक में परशुराम जयंती पर की गई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खरसिया,11 अप्रैल।** अंचल के विप्रवरों की एक आवश्यक बैठक 9 अप्रैल रविवार को श्री हनुमान मंदिर परिसर, हनुमान चौक पुरानी बस्ती में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि आगामी 22 अप्रैल 2023 को विप्रों के अराध्य देव भगवान परशुराम जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई जायेगी। इस दौरान भव्य शोभायात्रा भी निकाली जायेगी। बैठक के दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने समाज के युवाओं को अलग अलग जिम्मेदारी भी दी गई जो वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में उसे पूरा करेंगपूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खरसिया अंचल के विप्रवरों की उक्त बैठक वरिष्ठ विप्रजनों पण्डित नारायण प्रसाद पाण्डेय, पण्डित गंगा प्रसाद तिवारी, पण्डित लक्ष्मी प्रसाद शर्मा, पण्डित सतीश कुमार पाण्डेय, पण्डित जी एल दुबे की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित की गई। इसमें भगवान श्री परशुराम जी के जन्म उत्सव के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। इसके तहत सर्वसम्मति से तय किया गया कि इस दौरान एक भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी जो श्री हनुमान मंदिर परिसर से दोपहर बाद 4 बजे प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए भगवान परशुराम चौक पहुंचेगी जहां विप्रजन अपने आराध्य देव की पूजा अर्चना करेंगे। वहीं पर प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया है शोभायात्रा में सपरिवार शामिल होने के लिए अंचल के विप्रजनों के अलावा सर्व समाज के लोगों को भी आमंत्रित किया जायेगा। इसी प्रकार आयोजन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत चर्चा कर उपस्थित युवाओं को जिम्मेदारी दी गई।

उक्त बैठक में पण्डित रिपुसूदन पाण्डेय, पण्डित ब्रजेश शर्मा, पण्डित डालिस पाण्डेय, पण्डित दिनेश तिवारी, पण्डित लखन लाल शुक्ला, पण्डित प्रवीण चतुर्वेदी, पण्डित सिद्धान्त शर्मा (विक्की), पण्डित नवीन दुबे (निशु), पण्डित मोहन पाण्डेय, पण्डित भुनेश्वर पाण्डेय, पण्डित अजय मिश्रा, पण्डित प्रदीप पाण्डेय, पण्डित ईश्वर शरण पाण्डेय, पण्डित दुर्गेश नन्दन पाण्डेय, पण्डित संदीप शर्मा, पण्डित कांता शर्मा, पण्डित पंकज पाण्डेय, पण्डित चंदन कृष्ण पाण्डेय, पण्डित वंश पाण्डेय, पण्डित पवन द्विवेदी, पण्डित विकास तिवारी, पण्डित नरेंद्र तिवारी, पण्डित नागेश्वर शुक्ला, पण्डित बृजभूषण पाण्डेय, पण्डित पुष्पेंद्र तिवारी आदि विप्रवर उपस्थित थे। जो विप्रवर किसी कारणवश आज की बैठक में शामिल नहीं हो सके उन्होंने भी दूरभाष के माध्यम से अपनी सहमति दी है।

# गरियाबंद में कोविड से निपटने मॉकड्रिल, जीवनरक्षक चिकित्सा उपकरणों को परखा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 11 अप्रैल।** सोमवार की शाम 5 बजे गरियाबंद में कोविड की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल किया गया एंबुलेंस में एक नकली कोविड पीड़ित को लेकर पुराने कोविड अस्पताल पहुंचने पर उसे अस्पताल में भर्ती करने ऑक्सीजन चढ़ाने और इलाज प्रारंभ होने में कितनी देर लगी इसका मानेट्रीरिंग स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने किया, इसके अलावा जिला चिकित्सालय तथा पुराने कोविड हॉस्पिटल के ऑक्सीजन प्लांट की क्या स्थिति है इसका निरीक्षण सिविल सर्जन डॉक्टर देवेंद्र नाथ नाग तथा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ हरीश चौहान डॉक्टर बीनकर डॉक्टर ने किया निरीक्षण के बाद जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ के सी ऊराव ने बताया कि गरियाबंद स्वास्थ्य विभाग का अमला कोरोना महामारी से निपटने पूरी तरह तैयार है 40 ऑक्सीजन बेड फिलहाल उपलब्ध है और 100 और बेड की तैयारी है दोनों ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट ठीक से काम कर रहे हैं वहीं पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध है किसी भी प्रकार की महामारी से निपटने स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है आज



केंद्र तथा राज्य सरकार के निर्देश पर मॉक ड्रिल में यह देखा गया कि कौन-कौन से उपकरण ठीक काम कर रहे हैं जिसमें कुछ एक को छोड़कर बाकी सभी की स्थितियां अच्छी पाई गई। डॉक्टर उरांव ने बताया कि गरियाबंद जिले के सभी विकासखंड मुख्यालय के चिकित्सकों को कोविड को लेकर अलर्ट कर दिया गया है की मरीज आने पर तत्काल नियमानुसार पूरे इलाज की व्यवस्था करें जरूरत पड़ने पर होम आइसोलेशन से हॉस्पिटल भि लाए और आइसोलेट करने की पूरी व्यवस्था करें। कोरोना संक्रमण की रोकथाम और उसके उपचार के लिए अस्पताल में आज पूर्व अभ्यास मॉकड्रिल किया गया। इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध जीवन रक्षक चिकित्सा उपकरणों की क्रियाशीलता को परखा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सी उरांव ने बताया कि पुराने कोविड अस्पताल में 12 आईसीयू बेड और 40 हाई ऑक्सीजन फ्लो बेड अस्पताल में सेंट्रल ऑक्सीजन सिस्टम की सुविधा है। उन्होंने बताया कि जिले के ज्यादातर स्वास्थ्य केन्द्रों में मॉकड्रिल किया गया। चिकित्सक सहित स्वास्थ्य अमले के अल्टरनेट ड्यूटी लगाई गई है। सभी स्वास्थ्य उपचार उपकरणों को चालू हालत में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। पूरी स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ तैयार और सतर्क रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने कोविड आइसोलेशन वार्ड, आईसीयू, कंट्रोल रूम, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, ऑक्सीजन प्लांट सहित सभी जरूरी उपचार के उपकरण सही ढंग से काम करें यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए थे। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ के सी ऊराव ने स्वास्थ्य अधिकारियों को कोविड की जांच, दवा की उपलब्धता, स्वास्थ्य अमला और साफ-सफाई पर विशेष व्यवस्था करने पर जोर दिया। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि कोविड के लक्षण होने पर तत्काल जांच कराएं।

## जीवन रक्षक चिकित्सा उपकरण ठीक काम कर रहे हैं या नहीं, देखा गया

**महासमुंद,11 अप्रैल।** कोरोना संक्रमण की रोकथाम और उसके उपचार के लिए जिला अस्पताल में आज पूरा अभ्यास (मॉकड्रिल) किया गया। इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध जीवन रक्षक चिकित्सा उपकरणों की क्रियाशीलता को परखा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.आर. बंजारे ने बताया कि जिला अस्पताल में 10 आईसीयू बेड और 20 हाई ऑक्सीजन फ्लो बेड अस्पताल में सेंट्रल ऑक्सीजन सिस्टम की सुविधा है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रां और उप स्वास्थ्य केन्द्रों में मॉकड्रिल किया गया। स्वास्थ्य चिकित्सक सहित स्वास्थ्य अमले के अल्टरनेट ड्यूटी लगाई गई है।

समाचार संक्षेप

## अप्रैल से तीन महीने तक ग्राम पंचायतों में चलेगा गहन जनसुरक्षा अभियान

**बीजापुर 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक बीजापुर ने बताया है कि वित्तीय सेवा विभाग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायतों में 1 अप्रैल से तीन महीने के लिए गहन जन सुरक्षा अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से वंचित हितग्राहियों को इसका लाभ दिलाने के लिए ग्राम पंचायतों में संतृप्ति अभियान अप्रैल से जून तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत बैंकों को आबंटित ग्राम पंचायत अनुसार संबंधित बैंक के अधिकारी व कर्मचारी, बैंक सखी, एफएलसीआरपी की मदद से ग्राम पंचायतों मे जन सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देंगे। इन दोनों सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का उद्देश्य नागरिकों विशेषकर कमजोर वर्ग के लोगों को जीवन और दुर्घटना बीमा कवरेज प्रदान करना है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बैंक या डाकघर में बचत खाता रखने वाले 18 से 50 साल के लोगों को मात्र 436 रूपए सालाना प्रीमियम पर किसी भी कारण से मृत्यु की स्थिति में दो लाख रूपए का बीमा दिया जाता है। जबकि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 18 से 70 साल के लोगों को मात्र 20 रूपए सालाना प्रीमियम पर दुर्घटना में मृत्यु या पूर्ण स्थायी विकलांग के लिए दो लाख रूपए और आंशिक स्थायी विकलांग के मामले में एक लाख रूपए का दुर्घटना बीमा प्रदान करती है। लोगों से आग्रह की गई कि उक्त शिविर में भाग लेकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनाओं का लाभ जरूर लें।

## श्रम विभाग के अर्न्तगत मेधावी छात्रवृति सहायता योजना से मीना की पढ़ाई हुई पूरी



**बीजापुर 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्रम विभाग श्रमिकों के हित में कार्य करता है। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं उनके कल्याणकारी योजनाओं से श्रमिकों को लाभान्वित कर उन्हे विकास एवं प्रगति मार्ग पर चलने में सहायता करता है। श्रमिकों के हित में रहकर उन्हें सरकार द्वारा प्राप्त अधिनियमों एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करना जिससे श्रमिक अपने अधिकारों का लाभ प्राप्त कर उन्हें अस्तित्व में ला सकें। इसके अलावा श्रम विभाग बाल श्रम के रोकथाम, बंधक श्रमिक पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण कार्य में अपना योगदान दे रही है।श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के कल्याण हेतु छत्तीसगढ़ शासन ने छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार कल्याण मण्डल एवं छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अंतर्गत अनेक कल्याणकारी योजनायें संचालित किये गये है। जिसके अंतर्गत श्रमिकों एवं उनके परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है।छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत संचालित मेघावी छात्रवृति सहायता योजना के तहत श्री मारा राम कुड़ियम निवासी ग्राम रानीबोदली, विकासखण्ड भैरमगढ़ जिला बीजापुर के पुत्री कुमारी मीना कुड़ियम के नर्सिंग कोर्स पूर्ण करने हेतु नर्सिंग कॉलेज का वार्षिक फीस प्रति वर्ष श्रम विभाग बीजापुर के द्वारा सहायता राशि के रूप में प्रदाय किया गया। उक्त छात्रा को प्रथम वर्ष 48000, द्वितीय वर्ष 45000, तृतीय वर्ष 45000 एवं चौथे वर्ष में 45000 कुल राशि 183000 का शिक्षा सहायता राशि प्रदान कि गई। वर्तमान में कुमारी मीना कुड़ियम द्वारा नर्सिंग कि पढ़ाई पूर्ण कर ली गई है। वर्तमान में फील्ड कोऑडिनेटर के पद पर अपनी सेवा दे रही है।

## पंचायतों में मनाया गया रोजगार दिवस




**बीजापुर 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत जाबकार्डधारी परिवारों को वर्ष भर में 100 दिवस रोजगार उपलब्ध कराये जाने के प्रावधान है । जाबकार्ड धारी मजदूरों को प्रत्येक दिवस उनके कार्य के बदले 221 रुपए की मजदूरी प्रदान की जाती है। जिले की ग्राम पंचायतो में 1 अप्रैल से आधार आधारित भुगतान प्रणाली लागू है। जिससे मनरेगा के मजदूरी की राशि भारत सरकार से सीधे मजदूरों के लिंक खाते में प्राप्त होगी। मजदूरों को मजदूरी भुगतान के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा, मजदूर देश के किसी भी कोने में जाकर ग्राहक सेवा केंद्र, बैंक में जाकर तत्काल अपने मजदूरी की राशि निकाल सकेंगे।उक्त जानकारी ग्राम पंचायतों में श्रमिकों को 07 अप्रैल को रोजगार दिवस के दिन देते हुए बैकिंग सेवाओं में आने वाली कठिनाइयों के बारे में जागरूक किया गया। श्रमिकों के खातों में मनरेगा योजना की राशि नहीं आने के प्रमुख कारण एवं समाधान के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। सहायक परिजोजना अधिकारी श्री नारायण बंजारा ने बताया कि जिले में 40 हजार से अधिक श्रमिक आधार आधारित भुगतान हेतु पात्र है, जिन मजदूरों का आधार लिंक नहीं हुआ है उनके लिए जमीनी स्तर पर जागरूकता हेतु एवं आधार संकलन किए जा रहे हैं। 1 अप्रैल से भारत सरकार द्वारा मजदूरी दर का निर्धारण किया गया है, छत्तीसगढ़ में मनरेगा मजदूर दर 221 रुपए मिलेगी।

## सामाजिक आर्थिक सर्वे में तेजी लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**बीजापुर 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने विभागीय अधिकारी एवं एसडीएम की बैठक लेते हुए सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं सुदूर क्षेत्रों एवं दूर-दूर बसाहट वाले ग्राम पंचायतों में 2-3 प्रगणक दलों से सर्वे कराने, प्रगणक दलों के रात्रि विश्राम एवं भोजन की स्थानीय स्तर पर समुचित व्यवस्था कराने हेतु आवश्यक पहल करते हुए कम से कम टारगेट देकर सर्वे कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कराने एवं कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। स्थानीय स्तर पर शिक्षादूत, बीजादूतीर, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि, पंच, सरपंच का भी आवश्यकतानुसार सहयोग लेने की बात कही। सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने उनका महत्व बताने आवश्यक पहल करने का निर्देश दिए।सर्वेक्षण के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले की 170 ग्राम पंचायतों में कुल 638 प्रगणक नियुक्त किये गए हैं।

## शिक्षा सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए समय-सारिणी जारी

**बीजापुर 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले के चारों विकासखण्डों में पूर्व से संचालित समस्त स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम स्कूलों एवं जिले के चारों विकासखण्डों में शिक्षा सत्र 2023-24 में प्रारंभ होने वाले नवीन 30 स्वामी आत्मानंद हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में छात्र-छात्राओं का प्रवेश ऑनलाईन या ऑफलाईन के माध्यम से 10 अप्रैल 2023 से 05 मई 2023 तक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी, हिन्दी माध्यम स्कूलों के वेबसाईट ष्ह्ह्रष्ह्वश्र्ध्य-द्बह्व/ह्यड्डद्वद्बह्य में ऑनलाईन आवेदन लिया जा रहा है। ऑफलाईन प्रवेश एवं अन्य जानकारी हेतु विद्यालय के संस्था प्रमुखों से सर्म्पक कर सकते हैं।

## सिक्योरिटी गार्ड के रूप में रोजगार का सुनहरा अवसर

**बीजापुर 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा जिले के युवाओं को अन आर्म्ड सिक्योरिटी गार्ड कोर्स में कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहा है। सिक्योरिटी गार्ड प्रशिक्षण पश्चात रोजगार भी प्रदान किया जावेगा। जिले के युवा जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष है वे 30 अप्रैल 2023 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर कक्ष क्रमांक डी-19 जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय बीजापुर में संपर्क कर सकते हैं

## एक नजर



तिल्दा-नेवरा, 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत भूमिया में आयोजित दो दिवसीय जस गीत एवं झांकी प्रतियोगिता में पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने सम्मिलित हो कर ग्रामीणों का उत्साह वर्दन किया।

### जिला कांग्रेस की मासिक बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



तिल्दा-नेवरा, 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के नवनिर्मित कार्यालय भवन गांधी चौक में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण की मासिक बैठक आहूत की गई। इस बैठक में खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, विधायक धनेंद्र साहू, विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा, पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक मा जनकराम वर्मा, जिला प्रभारी राजेंद्र साहू, जिला अध्यक्ष उधोराम वर्मा सहित जिला कार्यकारणी तथा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण उपस्थित थे। तिल्दा नेवरा से जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के उपाध्यक्ष सुनील सोनी, जिला सचिव दिनेश साहू तथा जिला सचिव गोवर्धन यदु सम्मिलित हुए।

### आरपीएफ ने निगरानीशुदा व स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार



भाटापारा, 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ए. एन. सिन्हा प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेसुब बिलासपुर तथा संजय कुमार गुप्ता, मण्डल सुरक्षा आयुक्त, रेसुब रायपुर के दिशा निर्देशन में आर एस मिश्रा निरीक्षक, रेसुब पोस्ट भाटापारा के नेतृत्व में रेसुब पोस्ट भाटापारा के उप निरीक्षक बी एल बरेठा, प्रधान आरक्षक एच एस सोलंकी आरक्षक सुशील यादव, आरक्षक रूपक कुमार के द्वारा रेलवे संपत्ति को चोरी करने वाले निगरानी विनोद मराठा गैंग के साथी आरोपी रंजीत यादव उर्फ मगदा पिता तुला राम यादव उम्र- 42 वर्ष निवासी - राय बग्गा थाना - भस्मा, जिला - सुंदरगढ़ ( उड़ीसा ) जिसके ऊपर रेसुब पोस्ट भाटापारा के 4 स्थाई वारंट 10 वर्षों से पूर्व के लंबित था मुखबिर की सूचना पर बिलासपुर के नेहरू चौक के पास से गिरफ्तार किया गया व उसे विशेष रेलवे न्यायालय रायपुर में पेश किया गया।

### कलेक्टर मलिक ने निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

# प्रगतिरत निर्माण कार्यों को तेजी से करें पूर्ण एवं गुणवत्ता पर रखें खास ध्यान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



छुरा, 11 अप्रैल। गरियाबंद कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, आरईएस, जल संसाधन, विद्युत विभाग, पीएमजीएसवाय, पीडब्ल्यूडी सेतु एवं एडीबी के अंतर्गत प्रगतिरत निर्माण कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने चल रहे निर्माण कार्यो की सप्ताहवार प्रगति रिपोर्ट की जानकारी लेकर समय-सीमा के हिसाब से कार्य पूर्णता की रिपोर्ट मांगी।कलेक्टर ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यो को विलंब न करते हुए गुणवत्तापूर्ण तरीके से तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही कार्य विलंब होने एवं समय-सीमा के अंदर पूर्ण नहीं होने की स्थिति में संबंधित ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।कलेक्टर मलिक ने निर्माण कार्यो में विलंब करने वाले ठेकेदारों पर विलंब किये गये सप्ताह के हिसाब से जुर्माना भी लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने बजट में स्वीकृत विकास कार्यों एवं मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल निर्माण कार्यो की भी जानकारी ली। साथ ही कार्य को शुरू करने के लिए वित्त विभाग से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने प्रस्तावित कार्यो को तकनीकी स्वीकृति के लिए एक सप्ताह के भीतर वित्त विभाग में भेजने तथा स्वीकृत कार्यों के अविलंब टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश बैठक में मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। इस दौरान पीडब्ल्यूडी, सीएसईबी, डब्ल्यूआरडी, आरईएस, एडीबी एवं पीएमजीएसवाय सहित सभी निर्माण एजेंसियों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

कलेक्टर मलिक ने निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक में जिले में बन रहे पुल-पुलियों, सड़क एवं भवन आदि की विभागवार जानकारी ली। उन्होंने आगामी वर्षाकाल के पहले अधिकतर कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।जिससे क्षेत्रवासियों को आने-जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े।साथ ही सुलभ आवागमन की सहुलियत हो। उन्होंने जिले के दूरस्थ वंनाचलों में स्वीकृत नये पुल कार्यो की भी जानकारी ली।साथ ही उनके टेंडर प्रक्रिया को भी जल्द ही शुरू करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न शासकीय भवनों के मरम्मत एवं निर्माण कार्यो के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर सभी कार्यो के टेंडर प्रक्रिया, वर्कआर्डर को अविलंब शुरू करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने नए राजिम मेला स्थल के समतलीकरण की भी जानकारी ली। उन्होंने मेला स्थल पर मुरम बिछाकर 30 अप्रैल तक की समय-सीमा के भीतर समतलीकरण करने के निर्देश दिये।

# बंद पुराने अंडरब्रिज को शुरू करने कवायद तेज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ विधायक भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने रेलवे ईएन को ज्ञापन सौंपा

डोंगरगढ़, 11 अप्रैल। नवरात्र पर्व के बाद पुराने अंडरब्रिज के बंद हो जाने से लोगों में रेलवे प्रशासन के खिलाफ खासी नाराजगी देखी जा रही है. बंद किए अंडरब्रिज को खोलने की माँग को लेकर कवायद तेज हो गई है।

इसी कड़ी में विधायक भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्तागण पुराने रेस्ट हाउस में एकत्रित हो नगर भ्रमण करते हुए ईएन आफिस पहुँच मंडल रेल प्रबन्धन के नाम ज्ञापन सौंपा गया है. ज्ञापन में उल्लेख है कि डोंगरगढ़ की लाइफ लाइन कहीं जाने वाली मार्ग परमार बाड़ा से कालकापारा अंडर ब्रिज विगत कुछ वर्षों से निर्माणाधीन कार्य चल रहा हैं करके बंद कर दिया गया था। दिनांक-11-03-2023 को डीआरएम नागपुर को मां बम्लेश्वरी देवी चैत्र नवरात्रि पर्व, हेतु दर्शनार्थियों / आम नागरिकों के लिए उक्त उल्लेखित अंडर ब्रिज को चालू करने हेतु आग्रह किया गया था तब कुछ दिनों के लिए उक्त अंडर ब्रिज खोला गया था जिसे मेला समाप्ति के बाद रेलवे द्वारा मिट्टी डाल कर पुनः बंद कर दिया गया है, जिससे रेलवे के दुसरे छोर कि ओर के वार्ड नंबर 6, 7, 8, 9, 10, 11 के आम नागरिको को आवागमन में बहुत असुविधा हो रही है। रेल प्रशासन द्वारा बार बार जन समस्याओ की अनदेखी किये जाने से क्षेत्र वासियों में गहरा असंतोष है। कृपया प्राथमिकता के आधार पर जनहित में इस अंडरब्रिज को यथा शीघ्र स्थाई रूप से खोला जाय जिससे स्थानीय निवासियों, यात्रियों के साथ आसपास के क्षेत्रों से आने जाने वाले लोगों को राहत मिल सके। उपरोक्त अंडरब्रिज को स्थाई रूप से खोलने हेतु रेल प्रशासन द्वारा 14 अप्रेल तक आदेश जारी नही किया तो जन आन्दोलन किया जा सकता है।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा गौकरण वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर व ग्रामीण सह संजीव गोमास्ता, सुरेश सिन्हा, कांग्रेस नेत्री नलिनी मेश्राम, सौरभ वैष्णव, ओमप्रकाश साहू, अनिल मेश्राम, रिम्मी भाटिया, हरीश भंडारी, संजय श्रीवास्तव, अश्वनी फुले, कीर्तनराम वर्मा, मोरध्वज वर्मा, तामेश्वर वर्मा, राजेश शान, मनीष शान, हरीचंद उईके, लालाराम वर्मा, गौतम वर्मा, शिवानंद यादव, पूर्षोत्तम चेलक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांसादान करके आए आदिवासी समाज के लोगों से मिलकर माहेश्वरी ने दी बधाई

भाटापारा, 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। आदिवासी समाज द्वारा चलाए जा रहे अभियान कांसादान में शामिल होकर रायपुर से लौटे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टेंहका से ईश्वर सिंह ध्रुव, राम सिंह ध्रुव, पलटन सिंह ध्रुव, अमृत कुमार ध्रुव, दूर्जा ध्रुव, दिलीप ध्रुवण भूखन सिंह ध्रुव, उदय साहू आदि से प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने अपने निवास कार्यालय में मुलाकात की। यहां उन्होंने कांसादान अभियान और उसके महत्व को समझा। किस तरह आदिवासी समाज अपनी संस्कृति और परंपरा को जीवित रखने के लिए अभियान शुरू किया है यह जानकर अभियान में शामिल होकर लौटे समाज प्रमुखों का आभिवादन कर बधाई दिया। चर्चा के दौरान समाज प्रमुखों ने बताया कि समाज का कांसादान महा अभियान के माध्यम से दान से मिले बर्तन से बुढ़ादेव की मूर्ति बनाई जाएगी। जिसकी स्थापना रायपुर में होना है। बूढ़ातालाब में विश्व में सबसे बड़ी बूढ़ादेव की मूर्ति स्थापित होगी। कांसादान के लिए तीन चरण हुए इस अभियान की शुरुआत 25 फरवरी को हुआ था। इसके मुख्य कार्यक्रम कांसा अरपन में भाटापारा से ध्रुव समाज के लोगों ने हिस्सा लिया।

# केन्द्र सरकार के खिलाफ में किसान कांग्रेस ने निकाली मशाल यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



तिल्दा-नेवरा, 11 अप्रैल। केन्द्र सरकार की नीती एवं राहूल गांधी के सांसद सदस्यता को समाप्त करने के खिलाफ्त में रायपुर जिला, तिल्दा नेवरा में किसान कांग्रेस ने मशाल जुलूस निकालकर केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर किसान कांग्रेस रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष पप्पु नामदेव ने कहा कि केन्द्र सरकार की तानाशाही एवं दमनकारी नीति के चलते देश में अराजकता फैल रही है। उन्होंने कहा कि अडानी, अंबानी से मोदी सरकार का रिश्ता पुछे जाने पर, राहूल गांधी की सदन की सदस्यता समाप्त कर दिया गया वहीं राहूल गांधी का निवास को भी खाली कराया गया जो कि हिटलर शाही शासन को दर्शाती है। किसान कांग्रेस ने केन्द्र सरकार के खिलाफ्त में तिल्दा-नेवरा के कांग्रेस भवन से रेलवे स्टेशन चौक तक मशाल रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया?

### NOTICE U/S, 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT.

Notice is hereby given that pursuant to re-constitution of the partnership firm "M/s. AAKAR CONSTRUCTION" on 1st day of April, 2023. Shriniwas Rao has retired from the partnership firm and Shri Avinash Mishra and Mamta Mishra is the continuing partners.

For, AAKAR CONSTRUCTION
PARTNER

Place: Raipur (C.G.)
Dated: 01.04.2023

# बिरनपुर हिंसा के विरोध में बंद रहा छुरा

### दिनभर डटे रहे विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 11 अप्रैल। जिले साजा गांव में हुई दो समुदायों के बीच हुई झड़प में एक युवक की जान चली गई थी।इस हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद ने आज छत्तीसगढ़ बंद का आयोजन किया है। इस दौरान विहिप जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह राजपूत के दिशा निर्देश में जिला संयोजक कुलेश्वर सिन्हा, जिला अर्चक पुरोहित मेशनन्दन पांडेय के नेतृत्व में सोमवार को विहिप कार्यकर्ताओं ने जमकर नारे बाज़ी की।साथ ही दोषियों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की माँग की। विहिप के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में दुकानों को बन्द करवाने दिनभर शहर में घूमते दिखाई दिए। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने छुरा के सबसे बड़े मार्केट मेंन रोड बाजार मार्केट को बंद कराये। बंद के दौरान बड़ी संख्या में विहिप के कार्यकर्ता तिरंगा चौक और मेन रोड बाजार में जुटे हैं।विश्व हिंदू परिषद के इस बंद को बीजेपी ने भी अपना समर्थन दिया है।जिसमे नप अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव रामलाल कुलदीप, सौरभ सारडा की सहभागिता रही।बेमेतरा के भुनेश्वर साहू की हत्या के बाद उनके परिजन आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। बंद के दौरान किसी प्रकार की हिंसा और अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए शहर के हर चौक-चौराहों पर छुरा पुलिस बल की तैनाती दिनभर देखने को मिली।इस मौके पर विहिप बजरंग दल से बेदराम निर्मलकर, दुर्गेश देवांगन, प्रेम सेन, मनीष सारडा, अक्षत तिवारी, सोनू निर्मलकर, कामेश नारंग, रामशरण पुरैना, गुड्डु निषाद, अजय चंद्राकर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### छग बंद के आह्वान पर डोंगरगढ़ भी रहा बंद



डोंगरगढ़, 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बेमेतरा साजा के एक गांव बिरनपुर में हुई हिंसा के विरोध में सकल हिन्दू समाज द्वारा छत्तीसगढ़ बंद का आव्हान किया गया था। इसी के तहत हिन्दू समाज द्वारा बंद का समर्थन करते हुए डोंगरगढ़ बंद का आव्हान किया गया था। बंद को नगर में व्यापारी संघ, होटल हलवाई संघ, सब्जी व्यापारी, किराना दुकान, मनिहारी दुकान, फुटकर सब्जी, स्टेशनरी, बुक डिपो, फोटोकॉपी व्यापारी संघ, सेलून आदि सभी व्यापारियों ने अपना समर्थन देते हुए अपनी अपनी दुकानें बंद रखा।


**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202303094500036/202303094500036**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2022-2023

पीपरखार कला प.ह.न.00004 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- अंजनी,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अंजनी पति सुनील पिता चतुरसिंह जाति गोड़, निवासी ग्राम बोरतलाव, तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक की माता रूपोतीनबाई पति चतुरसिंह, जाति गोड़ की मृत्यु दिनांक 15.10.2003 को स्थान पीपरखारकला में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत पीपरखारकला में संधारित मृत्यु पंजी रजिस्ट्रार में दर्ज नही हो पाया है, जिसे आवेदक की माता रूपोतीनबाई पति चतुरसिंह, जाति गोंड की मृत्यु तिथि को ग्राम पंचायत पीपरखारकला में संधारित मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अतः ग्राम पंचायत पीपरखारकला में संधारित मृत्यु पंजी में मृत्यु संबंधी नाम व तिथि दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 28.04.2023 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/03/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
लाल बहादुर नगर



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग धमतरी जिला - धमतरी (छ.ग.)**

☎ 07722-236704 (Office) E-mail-ee-res.dhamtari@nic.in

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना क्र. 01 (द्वितीय आमंत्रण)**

क्रमांक/104/निविदा/ग्रा.यां.से./23-24 धमतरी, दिनांक 06/04/2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से धमतरी जिले अंतर्गत विभिन्न स्कुल भवनों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ऑनलाईन पोर्टल http://res.cg.gov.in में दिनांक 11.04.2023 समय शाम 5:30 बजे से देखी / डाउनलोड की जा सकती है, निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 21.04.2023 को शाम 5:30 तक है एवं निविदा दिनांक 24.04.2023 समय 11:30 बजे खोली जावेगी।

| क्र. | कुल कार्य संख्या | अनुमानित लागत राशि ( लाख में ) |
|---|---|---|
| 1. | 9 | 139.94 |

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सम्भाग धमतरी
जिला-धमतरी ( छ.ग. )

जी-00035/4


### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मांग पर सांस्कृतिक मंच बनाने के लिए किया गया भूमिपूजन

डोंगरगढ़, 11 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंडी फक्कीर टोला में गांव के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात हेतु अंडी के फक्कीर टोला पहुंच सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता एक जगह एकत्रित होकर डिपरापारा में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया व उनसे जुड़ी छोटी-छोटी समस्याओं के बारे में जानकारी लिया साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा डिपरा पारा में धार्मिक आयोजन गणपति विराजमान



तथा विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन कार्य कराने हेतु सांस्कृतिक मंच बनाने की मांग जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू से की जिसे तत्काल पूर्ण करने हेतु 1.50 लाख रुपए की राशि स्वीकृति प्रदान करने हेतु कहां और सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सांस्कृतिक मंच निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया साथ में वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं प्रदेश मत्स्य समिति के सदस्य संगलू निषाद जी एवं सरपंच जसबीर सिंह शंभू निषाद वरिष्ठ कांग्रेसी, कार्यकर्ता राधे निषाद, श्याम निषाद, पूनम निषाद, राम दयाल वर्मा, राम कुमार राजपूत, कैलाश बाई पंच, कमलेश तिवारी पंच, कांग्रेसी कार्यकर्ता मुकेश वर्मा, टीकम निषाद, युवराज चंद्रवंशी, विजय निषाद नकुल निषाद पिंटू निषाद राजू निषाद शांता ठाकुर एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.) (जल जीवन मिशन)**

**'ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना' (तृतीय निविदा आमंत्रण)**

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य-पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र 'ए' में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां. विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर) आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ मिशन संचालक महोदय के निर्देशानुसार दिये नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. में उल्लेखित नियम एवं शर्तो के आधार पर आमंत्रित की जा रही है। ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें पुराने नियम एवं शर्तों के आधार पर भाग लेने पर अपात्र कर दिया जावेगा। सके लिए स्वयं जिम्मेदार होगें आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है -

| क्र. | निविदा क्रमांक/दिनांक | सिस्टम क्रमांक | ग्राम | Tender call | कार्य की अनु लागत ( रू. लाख में ) | अमानत राशि ( रू. में ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 545/25.03.2023 | **128920** | KISKAL | 3rd call | 17.53 | 13148.00 |
| 2 | 546/25.03.2023 | **128921** | PALLEWAYA (G.P. Chinger) | 3rd call | 36.88 | 27660.00 |
| 3 | 547/25.03.2023 | **128924** | MARRIMETA | 3rd call | 15.54 | 11655.00 |
| 4 | 548/25.03.2023 | **128927** | ENDRINAR | 3rd call | 11.06 | 8295.00 |
| 5 | 549/25.03.2023 | **128929** | DALER | 3rd call | 42.15 | 31613.00 |
| 6 | 550/25.03.2023 | **128932** | MARKAPAL | 3rd call | 18.51 | 13883.00 |
| 7 | 551/25.03.2023 | **128937** | PADNAR (G.P. MANGNAR) | 3rd call | 16.51 | 12383.00 |
| 8 | 552/25.03.2023 | **128919** | TUMRELA | 3rd call | 40.87 | 30653.00 |
| 9 | 553/25.03.2023 | **128923** | PALAGUDA & BOMED & MINAGATTA | 3rd call | 91.75 | 68813.00 |
| 10 | 554/25.03.2023 | **128925** | PUSNAR | 3rd call | 63.00 | 47250.00 |
| 11 | 555/25.03.2023 | **128928** | PADMETA | 3rd call | 15.94 | 11955.00 |
| 12 | 556/25.03.2023 | **128930** | EHKELI | 3rd call | 13.51 | 10133.00 |
| 13 | 557/25.03.2023 | **128939** | KAURGATTA | 3rd call | 30.97 | 23228.00 |
| 14 | 558/25.03.2023 | **128941** | UTLA | 3rd call | 28.54 | 21405.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा दिनांक 18.04.2023 तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएं डाउनलोड करने की तिथि 27.03.2023 है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बीजापुर

जी-00044/4



**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई ( छ.ग. )**

**निविदा सूचना**


क्रमांक/लो.क.वि./जोन-1/2023/24/14 भिलाई दिनांक 10/4/23

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑफलाईन (ofline) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत ( रूपये लाख में ) | आवेदन दिनांक | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन-01 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में सीवर लाईन का संधारण कार्य। | 19.93 | 24.04.2023 | 02.05.2023 |
| 2. | जोन-01 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में आर.सी.सी. नाली संधारण कार्य। | 19.86 | 24.04.2023 | 02.05.2023 |
| 3. | जोन-01 नेहरू नगर अंतर्गत डी.मार्ट के सामने गौठान संचालन कार्य। | 19.78 | 24.04.2023 | 02.05.2023 |
| 4. | जोन-01 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में सी.सी. रोड संधारण कार्य। | 19.98 | 24.04.2023 | 02.05.2023 |
| 5. | जोन-01 अंतर्गत विभन्न स्थानों में पुलिया संधारण कार्य। | 9.76 | 24.04.2023 | 02.05.2023 |
| 6. | वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों में 08 नग बोर खनन कार्य एवं समरर्सिबल पंप सहित। | 10.00 | 24.04.2023 | 02.05.2023 |
| 7. | वार्ड-02 स्मृति नगर के सूर्या विहार कॉलोनी में शासन मद से निर्मित सामुदायिक भवन में फेंसिंग व पेवर ब्लाक लगाने का कार्य। | 9.99 | 24.04.2023 | 02.05.2023 |
| 8. | वार्ड-06 संजय नगर कुम्हार पारा में मूत्रालय निर्माण कार्य। | 4.00 | 24.04.2023 | 02.05.2023 |
| 9. | जोन-01 नेहरू नगर वार्ड-06 प्रियदर्शनी परिसर पूर्व मुख बधीर स्कूल के बाजू में आजीविका मिशन के तहत वेंडर्स के लिए शेड निर्माण कार्य। | 8.50 | 24.04.2023 | 02.05.2023 |
| 10. | वार्ड-02 चौहान टाउन के सामने बस स्टॉप निर्माण कार्य। | 3.00 | 24.04.2023 | 02.05.2023 |
| 11. | वार्ड-17 आकाश गंगा व्यवसायिक परिसर में स्थित विद्युत पोलों पर व्हाईट एल.ई.डी. रोप लाईट लगाने का कार्य। | 3.00 | 24.04.2023 | 02.05.2023 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी uad.cg.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट www.bhilainagarnigam.com से डाउनलोड की जा सकती है।

जोन आयुक्त
जोन-01
नगर पालिक निगम, भिलाई





# आर्थिक स्वावलंबन से महिला सशक्तीकरण

### बिहान के अंतर्गत

27.34 लाख महिलाओं को
2.54 लाख स्व-सहायता समूहों से जोड़ा

### महिला समूहों को आर्थिक सहायता

4,605 करोड़ रु का बैंक ऋण
883.82 करोड़ रु से ज्यादा की निधि

### आजीविका के अवसर

गौठानों से जुड़े महिला स्व सहायता समूहों
को 117 करोड़ रु की आय

## छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार

छत्तीसगढ़ संवाद-आर.ओ./ 36010/1

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23